Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 277 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**




अहिंसा प्रधान इस भारत देश में मांस निर्यात अविलम्ब बंद होना चाहिये।

Export of meat should be banned immediately in this nonviolence dominted India.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### केंद्रीय गृहमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से की बात

## पाकिस्तानियों को खोज-खोज कर निकालें बाहर : अमित शाह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी मौजूदा वीजा रद्द करने के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी मुख्यमंत्रियों को पड़ोसी देश के नागरिकों की पहचान करने और उन्हें अपने-अपने राज्यों से तुरंत हटाने का निर्देश दिया। शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद, अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को उन्हें निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। अमित शाह इस मुद्दे पर सभी मुख्यमंत्रियों से बात कर रहे हैं और उनसे अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कह रहे हैं।

पहलगाम आतंकी हमलों के मद्देनजर, भारत ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने के लिए कहा। केंद्र ने आगे कहा कि मेडिकल वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों को अतिरिक्त दो दिन मिलेंगे, लेकिन उन्हें 29 अप्रैल तक देश छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ?पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में, भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। नयी दिल्ली ने 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत में नागरिकों पर हुए सबसे जघन्य आतंकवादी हमले के सीमापार संबंधों पर जवाबी कार्रवाई के तहत पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की भी घोषणा की। यह नया कदम भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा के एक दिन बाद उठाया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सैन्य अताशे को निष्कासित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना और अटारी भूमि पारगमन चौकी को तत्काल बंद करना शामिल है।

### पाकिस्तान में चाहे घुसकर मारो, हम हर कदम पर साथ देंगे : ब्रिटिश सांसद



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पहलगाम में हुए हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा है। वहीं, भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ कई फैसले लिए गए है। इस बीच ब्रिटेन के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा है कि भारत अगर पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करे तो भी वह भारत का समर्थन करेंगे।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्रिटेन स्थित भारतीय उच्चायोग में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान ब्रिटेन के कई सांसद और बड़ी हस्तियां भी शामिल हुए। सभा में बोलते हुए ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने भारत के समर्थन में एक सशक्त और भावनात्मक बयान दिया।

### एक ही छत के नीचे मिलेगी खरीदारी और मनोरंजन की सुविधा

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लिया और सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इस दौरान उन्होंने मॉल में सर्व सुविधायुक्त सिनेमा हॉल का शुभारंभ किया और राज्य सरकार के सुशासन पर आधारित एक वीडियो देखा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राजधानी वासियों के लिए आज का दिन बेहद खास है। यह नया प्रतिष्ठान लोगों को आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी सभी आवश्यक वस्तुएं, मनोरंजन और सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। इससे आसपास के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। श्री साय ने कहा कि यह मॉल आने वाले समय में शहरी जीवनशैली को और अधिक सहज, समृद्ध और सुविधाजनक बनाएगा। लगभग 12 वर्षों की यात्रा के बाद यह प्रतिष्ठान अपने वास्तविक स्वरूप में बनकर तैयार हुआ है। प्रतिष्ठान के संचालक अनुभवी है और उद्योगपति के रूप में उनके लंबे अनुभवों का लाभ इस नए प्रतिष्ठान को भी मिलेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों और प्रतिष्ठान से जुड़े सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े मॉल का आज विधिवत शुभारंभ हुआ है। 12-13 वर्ष पहले ट्रेजर आईलेंड के नाम से इस मॉल का काम प्रारम्भ हुआ, परन्तु लम्बी यात्रा के बाद आज नए कलेवर के साथ इसका शुभारम्भ हुआ। यह मॉल रायपुर और प्रदेशवासियों के लिए बेहतरीन खरीदी एवं मनोरंजन का केंद्र होगा। राजधानी रायपुर देश में विकसित राजधानी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है और यह मॉल इस पहचान को स्थापित करने में अपना योगदान देगा। शुभारंभ समारोह को उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी संबोधित कर अपनी शुभकामनाएं दी।

इस शुभ अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री अमर अग्रवाल, विधायक श्री अनुज शर्मा, विधायक श्री मोतीलाल साहू, सीएसआईडीसी के चेयरमैन श्री राजीव अग्रवाल, सीएमडीसी के अध्यक्ष श्री सौरभ सिंह, आरडीए के अध्यक्ष श्री नंदकुमार साहू, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष श्री प्रभतेज सिंह भाटिया, मॉल के संचालक श्री विजय झावर भी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम अब छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम होगा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की घोषणा



### लोकेश काबड़िया ने छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मंच से इस अवसर पर 15 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋ़ण, 11 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋ़ण अदायगी करने पर ब्याज सब्सिडी एवं श्रवण बाधित दिव्यांग को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांग बच्चों का सर्वे कर उनके व्यवसाय एवं नए स्टार्टअप के लिए ऋ़ण प्रदान कर मदद करनी चाहिए, ताकि उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आ सके।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा जिले में आए थे, तब दिव्यांगजनों से उनका विशेष लगाव देखने को मिला था। आज हमारी सरकार ने बेहद अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी है, जिसका सीधा लाभ दिव्यांग साथियों को मिलेगा।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं उनके कौशल विकास पर जोर दे रही है। -शेष पेज 5 पर

### जम्मू-कश्मीर में सेना ने मार गिराया लश्कर का बड़ा कमांडर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना एक्शन मोड में है। इस बीच सेना ने बंदीपोरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अल्ताफ लल्ली को मुठभेड़ में मार गिराया है। पहलगाम में हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों का स्कैच भी जारी किया गया है। पहलगाम अटैक की जिम्मेदारी भी लश्कर से जुड़े द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी। बुधवार को आतंकवादियों ने 26 मासूम पर्यटकों को गोलियों से भून दिया था। 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद से ही घाटी में भारतीय सेना ने अभियान तेज कर दिया है।

## पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकी आदिल के घर में ब्लास्ट, दूसरे आतंकी के मकान पर चला बुलडोजर



**पहलगाम (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शामिल आतंकी आसिफ शेख के घर विस्फोट होने की खबर सामने आई है। जबकि दूसरे संदिग्ध के घर को बुलडोर से गिराया गया है।

दक्षिण कश्मीर के गुरी के एक गांव में सुरक्षा बलों ने चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान हुए विस्फोट से एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घेराबंदी और सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं।

### भारत के महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक और शिक्षाविद् डॉ. के. कस्तूरीरंगन का 84 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक और शिक्षाविद् डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार सुबह 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बंगलूरू में मौजूद अपने आवास पर सुबह 10:43 बजे अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वर्ष 2023 में श्रीलंका यात्रा के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद वे बहुत कम ही बाहर निकलते या देखे जाते थे। के. कस्तूरीरंगन सिर्फ एक वैज्ञानिक नहीं थे, बल्कि वे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम और शिक्षा प्रणाली के दो स्तंभों में अहम भूमिका निभाने वाले व्यक्ति थे। उन्हें लोग ज्ञानकोश (इनसाइक्लोपीडिया) के नाम से भी याद करते हैं, क्योंकि उनके पास विज्ञान और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में गहरा ज्ञान था।

**योगदान-** डॉ. कस्तूरीरंगन ने लगभग 35 वर्षों तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में सेवाएं दीं। वे 1994 से 2003 तक इसरो के अध्यक्ष, अंतरिक्ष कमीशन के प्रमुख और भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के सचिव रहे। 27 अगस्त 2003 को उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़ी। उनकी अगुवाई में भारत के कई अहम अंतरिक्ष मिशनों ने सफलता प्राप्त की। वे भारत के पहले दो एक्सपेरिमेंटल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट्स- भास्कर प्रथम और द्वितीय के परियोजना निदेशक रहे।







दैनिक
# विश्व परिवार
## रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायतों में जल संचयन के लिए ली गई शपथ, जल संचयन वाहिनी लोगों को कर रहे प्रोत्साहित



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जल संचयन महाअभियान के तहत शुक्रवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में जल संचयन वाहिनी एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा जल संरक्षण शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जल संचयन वाहिनी एवं स्वच्छता दीदियों सहित ग्रामवासियो ने जल संचयन की शपथ ली। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जल के सदुपयोग और जल संचयन के प्रति लोगों का जागरूक करने के साथ ही अधिकारी, कर्मचारी, स्व सहायता समूह एवं आमजनों की सहभागिता से विभिन्न कार्य किये जा रहे है। समूह की महिलाओ को जल संचयन वाहिनी की जिम्मेदारी दी गई है जो दीवाल लेखन, रैली, संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामवासियों को महाभियान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

### पंडरी स्थित जैन हैंडलूम के शोरूम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भयंकर आग, भारी नुकसान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर के पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित जैन हैंडलूम के शोरूम के ऊपर के तल में शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण बुधवार शाम लगभग 8:30 बजे भयंकर आग लग गई द्य उस समय नीचे की मंजिल पर शोरूम में व्यापारिक कार्य चल रहा था। ऊपर की मंजिल पर अचानक आपकी लपटें दिखाई दी। तत्काल ही फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची एवं उन्होंने आग बुझाने के लिए भरसक प्रयत्न किया लेकिन तब तक भारी संख्या में रखा लाखों रुपए मूल्य का कपड़ा जलकर खाक हो गया था ।बहुत मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जैन हैंडलूम के संचालक शैलेंद्र जैन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण यह दुकान में अग्निकांड हो गया। बाद में भारी मात्रा में पानी से आग बुझाने के कारण नीचे की मंजिलों में पानी पहुंच गया जिसके कारण भी नीचे की मंजिल पर रख कपडे में काफी नुकसान हुआ है। मौके पर दमकलों के साथ स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में भर तक सहयोग किया। नगर निगम, पुलिस पार्षद आदि ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग प्रदान किया। देर रात तक आग पर काबू पा लिया गया था।



# भीषण गर्मी में बिजली की मांग 7000 मेगावॉट पार, एक वर्ष में 10 प्रतिशत शीर्ष मांग वृद्धि

### महंगे में खरीद कर भी निर्धारित दर पर आपूर्ति का प्रबंधन

### कॉल सेंटर में 1 लाख 56 हजार शिकायतें आयीं, जिनका त्वरित गति से किया गया निवारण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। पिछले साल मई में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी जो इस साल अप्रैल में ही 10 प्रतिशत बढ़कर 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई। भारी मांग के चलते आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न आए इसके लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा पीक ऑवर्स में ऊंचे दाम पर भी बिजली खरीद कर निर्धारित दर पर ही आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक मांग के कारण विद्युत प्रणाली पर भारी दबाव होता है। जिसके कारण विगत 15 दिनों में केंद्रीकृत कॉल सेंटर में कुल 65 लाख उपभोक्ताओं में से 1 लाख 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई जिनका निराकरण यथासमय किया गया। त्वरित मरम्मत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।



इस वर्ष विगत वर्षों की अपेक्षा अप्रैल माह में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसके कारण विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। विगत वर्ष मई महीने में 6,368 मेगावॉट की तुलना में इस वर्ष 22 अप्रैल में ही मांग 7,006 मेगावॉट को स्पर्श कर गई जो विगत 1 वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी, पॉवर एक्सचेंज और बैंकिंग के साथ ही एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) के जरिये मंहगी दरों पर बिजली खरीदकर आम घरेलू उपभोक्ताओं को क्रय दर से कम दरों पर बिजली प्रदान कर रही है। पिछले साल मई महीने में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी, जो इस साल अप्रैल महीने में ही 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई है। यानी एक साल में ही 10 प्रतिशत (638 मेगावॉट) की वृद्धि हुई है। यह प्रदेश में बढ़ते सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण का प्रतीक भी है। पॉवर कंपनी इसकी आपूर्ति के लिए विशेष योजना के साथ कार्य कर रही है, जिसमें मांग अधिक होने पर एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) से बिजली क्रय की जाती है। वन नेशन, वन ग्रिड के आधार पर देशभर के सभी विद्युत घरों की उत्पादित बिजली ग्रिड में डाली जाती है, उसे राज्य आवश्यकतानुसार क्रय करके अपने राज्य में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करते हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिन पूर्व मांग बताई जाती है। फिर मांग के अनुसार हर 15 मिनट के स्लैब में बिजली की दरें जारी होती हैं, जिस राज्य की दर अधिक रहती है, उसे विद्युत उत्पादक कंपनियां बिजली बेचती हैं। छत्तीसगढ़ में बिजली की औसत मांग दिन में 5,120 मेगावॉट रहती है। परन्तु पीक ऑवर (शाम 6 बजे से रात तक) में यह मांग 6,500 से 7,000 मेगावॉट से अधिक पहुंच रही है। इसे पूरा करने लगभग 800 मेगावॉट बिजली एचडीपीएम के जरिये ली जा रही है। इसमें अधिकतम 14.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है। कई बार इतनी अधिक दर पर भी बिजली नहीं मिलती। 24 अप्रैल को पॉवर कंपनी ने 6,800 मेगावॉट बिजली की मांग का आकलन करते हुए अतिरिक्त बिजली मार्केट से क्रय करने की प्लानिंग की। इसी तरह प्रतिदिन एक अलग टीम प्रदेश में संभावित मांग और आपूर्ति का तालमेल करते हुए पॉवर परचेज करती है। सामान्य तौर पर राज्य में उत्पादित बिजली की दर 4 से 8 रूपए प्रति यूनिट तक रहती है। उपभोक्ताओं के हित में खुले मार्केट से बिजली क्रय करने पर अधिक कीमत देनी पड़ती है।

## भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी द्वारा नि:शुल्क प्रशिक्षण

### जिला प्रशासन के सहयोग से एकेडमी को मिला कई ट्रेनिंग सामग्री



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बलौदा बाजार - भाटापारा द्वारा भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी नि: शुल्क प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।भाटापारा के रावणभाठा दशहरा मैदान में संचालित यह प्रशिक्षण केंद्र जिले का एक मात्र नि:शुल्क फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर है जहां पूर्व सैनिकों द्वारा अग्निवीर, नेवी, एयर फोर्स, पुलिस, एसएससी और रेलवे में भर्ती के लिए ट्रेनिंग दिया जाता है। कलेक्टर दीपक सोनी से एकेडमी के संरक्षक सूबेदार सुनील कुमार वर्मा एवं जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी ने गुरुवार को मुलाक़ात कर मोमेंटो भेंट की और केंद्र के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री सोनी ने एकेडमी को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

संरक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लम्बे समय से पूर्व सैनिको द्वारा पुलिस, फारेस्ट गार्ड, अग्निवीर भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग दिया जा रहा है। एकेडमी में ट्रेनिंग सामग्री की कमी थी जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने एकेडमी को ट्रेनिंग सामग्री व हाई जम्प मेट दिलवाया ।एकेडमी में ट्रेनिंग लेने आस -पास के जिले से भी अभ्यर्थी आते है। अब तक 4 सब -इंस्पेक्टर, 4 अग्निवीर एवं 80 फारेस्ट गार्ड एवं कंस्टेबल चयनित हुए हैं।

## कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक

### ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व निस्तारी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में नियुक्त जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के नोडल अधिकारियो की ऑनलाइन बैठक ली ।उन्होंने नोडल अधिकारियो को निर्देशित किया कि अपने कलस्टर पंचायत एवं क्लस्टर अंतर्गत पंचायतों में पेयजल एवं निस्तारी में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। कलस्टर ग्राम पंचायतों का प्रतिदिन दौरा कर निर्धारित कार्य सम्पादित करें और हर दो दिन में तय प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग जल संरचनाओं में गेट मरम्मत का लक्ष्य, तालाब जलाशय का भराव, नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य एवं ग्रामीणों के साथ नहर का निरीक्षण करें। इसमके साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए आवश्यक संरचना निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल का चिन्हांकन करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन सहित, हैंड पंप, सिंगल फेज पंप, निजी नलकूप, स्कूल के बोर एवं टैंकर की व्यवस्था से पेयजल की समस्या दूर करें।

कलेक्टर ने कहा कि जल संचयन को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा मोर गांव,मोर पानी महाभियान का शुभारम्भ किया गया है। जिले में चल रहे जल संचयन महाभियान को भी उक्त अभियान में समाहित करते हुए कार्य करना है। नल कूपों के पास सोखता गड्ढा निर्माण के साथ ही पक्के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने लोगों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान सम्पर्क केंद्र में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर पर रोपवे टूटने पर हुआ हादसा

### रोपवे में सवार थे पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा नेता मनोज अग्रवाल और दया सिंह

**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। मंदिर की पहाड़ी पर संचालित रोपवे की ट्रॉली अचानक रोप से टूटकर नीचे गिर गई। हादसे के वक्त ट्रॉली में पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा नेता मनोज अग्रवाल और दया सिंह सवार थे। सभी नेताओं को चोटें आई हैं, जिनमें भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा और भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा पहुंचे थे. दोनों रोपवे के जरिए दर्शन के लिए जा रहे थे. लेकिन बीच रास्ते में ही हादसा हो गया, अचानक रोपवे ट्रॉली रोप से टूटकर गिर गई. हादसे में पूर्व मंत्री पैकरा को हल्की चोटें आई है. वहीं भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गई है और रेस्क्यू अभियान जारी है।




### ड्रायविंग लायसेंस बनवाने हेतु शिविर आज और कल

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत आम नागरिकों द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग का त्वरित निराकरण हेतु परिवहन सुविधा केन्द्र में 26 व 27 अप्रैल 2025 को प्रात: 9 बजे संबंधित ग्राम पंचायत में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर लगायी जायेगी। प्राप्त जानकारी अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला विकासखंड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं ग्राम पंचायत कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं ग्राम पंचायत चण्डी में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर लगायी जायेगी।

### प्रेस विज्ञप्ति, मलेरिया दिवस पर निकाली गई रैली

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व मलेरिया दिवसके अवसर पर शासन के मंशानुरूप आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जोन -1, वार्ड -5 कोसानगर अंतर्गत रैश्ने आवास श्रमिक बस्ती में आम नागरिकों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान के तहत मलेरिया रोधी नारों के साथ रैली निकाली गई। अपने शहर में स्वच्छता को अपनाते हुए मलेरिया मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया गया। सबको यह संदेश दिया गया कि मच्छर से बचाव करें अपने इर्द-गिर गंदा पानी जमने होने दे मच्छरदानी का इस्तेमाल करें पूरे बन का कपड़ा पहने सफाई को अपनावे। मलेरिया बुखार मादा एनाफिलीज के काटने से होता है। यह ठहरे हुए पानी में ही होता है ऐसी जगह पर मेलाथियान, जला हुआ तेल डालने की जरूरत है।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (STORE & PURCHASE)**
Third floor, SLDC Building, CSPTCL, Danganiya Raipur-492013.
Website- www.cspc.co.in Phone No. 0771-2574240/4239/4106
No.02-16/CE/ TR-25/ S&P/01/2236 Raipur, Date:- 25.04.2025
**E- TENDER NOTICE**
Sealed tenders are invited for deployment of following manpower for Executive Engineer (Area Store), CSPTCL, Bilaspur for a period of one year.

| SN | Tender No. | Particulars | Qty | E.M.D | Last date of submission of Tender | Due date of opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | TR-25/ S&P/01 RFx. No. 8100042885 | Computer Operator | 04 Nos. | Rs. 36,500/- | 15/05/2025 (15.00 Hrs.) | 15/05/2025 (15.30 Hrs) |
| | | Security Guard | 07 Nos. | | | |
| | | Line Attendant Gr-III (Unskilled) | 06 Nos. | | | |

Note:- For other details of NIT, please visit our website www.cspc.co.in
SAVE ELECTRICITY
(Er. K.B. Patre)
Chief Engineer (S&P) CSPTCL : Raipur
SAMVAD- 43647/ 2

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
निविदा सं.- 2025/सी. / को / एसटीबीए / II / आर. दिनांक 24-04-2025
01- कार्य का नाम-दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के रायपुर मंडल के अंतर्गत दाधापारा, लखोली कुम्हारी और भिलाई नगर एनएसजी-6 श्रेणी स्टेशनों पर टिकट बुकिंग एजेंटों (एसटीबीएएस) की नियुक्ति के लिए इच्छुक पार्टियों से कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए रेल टिकट बुकिंग एजेन्ट (एसटीबीएएस) की नियुक्ति । 02. धरोहर धन राशि : एनएसजी -6 के लिए 2,000/- रूपये । 03. निविदा प्रपत्र मूल्यः रू 590 /- प्रति निविदा प्रपत्र । 04. आवेदन प्रपत्र जारी करने की अवधि: दिनांक 26.04.2025 से 25.05.2025 समय 10 बजे से 17.00 बजे तक सभी कार्यालय कार्य दिवस में। 05. आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय-दिनांक 26.05.2025 समय 15.00 बजे तक । 06. आवेदन पेटी को खोलने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 26.05.2025 समय 15.30 बजे ।
आवेदक अपना आवेदन सीलबंद लिफाफे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / द.पू.म. रेलवे रायपुर को संबोधित करते हुए 26.05.2025 को 15:00 बजे तक आवेदन पेटी में जमा करें जो कि कार्यालय वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय परिसर द.पू.म. रेलवे निकट वाल्टेयर लेवल क्रासिंग गेट, आरवीएच कालोनी, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है । किसी भी आवेदन के अंश भाग अथवा पूर्ण निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन अपने पास रखती है । पात्रता मापदण्ड नियम व शर्ते और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए कृपया कार्यालय वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / द.पू.म. रेलवे रायपुर में संपर्क कर सकते हैं एवं हमारी वेबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in. पर उपलब्ध दस्तावेज / निविदा प्रपत्र देख व डाउनलोड कर सकते है।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक)
द.पू.म.रे., रायपुर
PR/Sr.DCM/AAA/18
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./20218/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 25-04-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 20218
वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR220C00066 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती VARSHA RAMRAKHAYANI W/O NANAKRAM RAMRAKHANI , JYOTI RAMRAKHANI W / O GHANSHYAM RAMRAKHANI पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MANISH SHARMA पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O ASHOK SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./20190/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 24-04-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 20190
वार्ड का नाम- 62 - शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR654C00140 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती AHMAD ANSARI पिता/पति, श्री/श्रीमती SALIM ANSARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NURJAHA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O LATE AHMAD ANSARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ RDA / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com
पत्र क्रं./20188/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 24-04-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 20188
वार्ड का नाम- 62 - शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR654C0140A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती AHMAD ANSARI पिता/पति, श्री/श्रीमती SALIM ANSARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MUKHTAR ANSARI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE AHMAD ANSARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ RDA / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com
**आम-सूचना**
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अवंति विहार तेलीबांधा, रायपुर में निर्मित सामान्य आवास योजनांतर्गत जूनियर एम.आई. जी. भवन क्रमांक-11, श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री छत्रपाल सिंह सोनी के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-113 दिनांक 01.04.2003 को भाड़ाक्रय आधार पर नामांतरित है। जिसके पश्चात् नामांतरी द्वारा उक्त भवन को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-267 दिनांक 24.01.2025 द्वारा श्रीराम हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, रायपुर ( छ.ग. ) में बंधक रख कर ऋण लिया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्रीराम हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, रायपुर ( छ.ग. ) में बंधक है। नामांतरी द्वारा बैंक से लोन क्लोज़र सर्टीफिकेट इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।
वर्तमान में नामांतरी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री छत्रपाल सिंह सोनी, निवासी मकान नं. जुनियर एम.आई.जी.-11, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, अवंति विहार तेलीबांधा रायपुर ( छ.ग. ) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती साक्षी पाण्डेय पति श्री रविन्द्र पाण्डेय, निवासी मकान नं. ई-14, वार्ड नं.-69, फेस-2 सबरी कन्या आश्रम डी.डी. नगर डंगनिया रायपुर ( छ.ग. ) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com
**आम-सूचना**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा MIG टाटीबंध कालोनी, रायपुर में भवन योजना के अतंर्गत, MIG - 168 निर्मित दुकानों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक श्री राजबीर सिंग स्यान पिता/पति श्री स्व. भगवंत सिंग स्यान को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 17/03/2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।
आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 16/04/2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन 1. श्रीमती गिरजा देवी राय W/O बाबूलाल राय एवं 2. श्रीमती सविता राय W/O ऋषि कुमार राय के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।
अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com
**आम-सूचना**
छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में एल. आई. जी. फ्लैट भवन योजना के अतंर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक ब्लाक-1 मकान नं.- 4 भूतल 1. श्रीमती सीमा पाण्डेय 1. श्री विनीत पाण्डेय / पिता / पति 1. श्री विनीत पाण्डेय 2. रामावतार पाण्डेय भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 3-7-2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।
आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 22-4-25 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन सुश्री सुमन अग्रवाल पिता श्री राजेश अग्रवाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।
अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com
**आम-सूचना**
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला, कॉलोनी, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक CEDAR -II / 53 श्री महेन्द्र बहादुर सिंह पिता श्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह, के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 04.03. 2016 को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 10999 दिनांक 15.11.2017 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्री महेन्द्र बहादुर सिंह पिता श्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी-मकान नम्बर-78, पुरानी बस्ती कोटा जिला-सुकमा, ( छ.ग. ) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती दीपाली पाटिल पति श्री भूषण पाटिल, निवासी- रो हाउस नम्बर-389, स्कीम नम्बर-78 पार्ट-1, फेस-2, पिंक सिटी निरंजनपुर इन्दौर ( म.प्र. ) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।
अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./20348/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 25-04-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 20348
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR737G00479 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR PINJANI पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O SHRICHAND PINJANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KANHAIYA LAL ANDANI पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O VISHNUMAL ANDANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com
पत्र क्रं./20256/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 25-04-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 20256
वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR220F00266 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती VIJAYA MOHTA पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O OMPRAKASH MOHTA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. SMT. HITISHA PATEL W/O PANKAJ PATEL पिता/पति, श्री/श्रीमती 2 SMT. KAVITA PATEL W/O MEHUL PATEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

जर्जर स्थिति के कारण हादसे का डर

## फंड स्वीकृति के साल भर बाद भी नहर के मरम्मत काम शुरू नहीं



**कोरबा(विश्व परिवार)।** हसदेव दायीं और बायीं तट के जर्जर नहर का मरम्मत काम फंड स्वीकृति के साल भर बाद भी शुरू नहीं हो सका है। 45 किलोमीटर लंबी नहर जगह-जगह से प्लिंथ और साइड स्लैब जर्जर हालत में हैं। बावजूद इसके मरम्मत कार्य में देरी की जा रही है। हालांकि वर्तमान में रबी फसल की सिंचाई के लिए नहर से पानी आपूर्ति की जा रही है। बताया गया कि दायीं तट नहर की कुल लंबाई 45 किलोमीटर है वहीं बायीं तट नहर की लंबाई 18 किलोमीटर है। नहर जगह-जगह से जर्जर हो चुकी है। स्थिति यह है कि नहर के कुछ क्षेत्र मुख्य मार्ग से होकर गुजरी है। इसकी वजह से कुछ स्थानों पर मुख्य मार्ग पर कटाव की स्थिति बनी हुई है। समय पर मरम्मत कार्य नहीं कराने पर परेशानी बढ़ सकती है। जबकि शासन ने साल भर पहले लगभग 36 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी। इसमें दायीं तट नहर के छह से 37 किलोमीटर दूरी तक जर्जर नहर सुधार के लिए 14 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। इसके अलावा बांयी तट नहर के पांच से 18 किलोमीटर दूरी तक का मरम्मत किया जाना है। इसके लिए 22 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई थी। बताया जा रहा है कि नहर का मरम्मत कार्य लगभग छह साल से नहीं किया जा सका है। इसकी वजह से काफी लंबी दूरी तक नहर जर्जर हो चुकी है। इसका असर मुख्य मार्गों पर पड़ रहा है। इधर तुलसी नगर, राताखार, सर्वमंगला नहर मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन जारी है। इसके अलावा संजय नगर नहर मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव व मरम्मत के अभाव में नहर जगह-जगह से ध्वस्त होने के कगार पर है। गौरतलब है कि बीते दो वर्षों में दो बार नहर ढहने की घटना सामने आ चुकी हैं। बीते वर्ष सीतामढ़ी के निकट नहर के ढहने से बस्ती में पानी भर गया था। इसके बाद उमरेली के निकट शाखा नहर के ध्वस्त होने से किसानों के 46 हेक्टेयर फसल खराब हो गई थी। ध्वस्त हो चुके जगहों में अभी भी स्थाई मरम्मत नहीं कराया गया है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बैठक में होने की बात कहते हुए जानकारी देने से बचते रहे।

## बेटे की हत्या करने वाले पिता व चाचा गिरफ्तार

**मुंगेली(विश्व परिवार)।** जिले के थाना पथरिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कंचनपुर में मिली युवक की लाश के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता तथा चाचा को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामले में अरोपियों के विरूद्ध धारा 103(1), 238 (ख), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि दिनांक 23.04.2025 के रात्रि करीब 11.00 बजे ग्राम कंचनपुर निवासी शिवचरण श्रीवास ने ग्राम कोटवार के घर जाकर बताया कि मेरा लड़का भोला श्रीवास घर के आंगन मे लहू-लुहान पड़ा है तब घर जाकर देखने पर शिवचरण का लड़का भोला श्रीवास अपने घर के आंगन मे लहू लुहान पड़ा था उसके सिर मस्तक, पीठ, पैर, हाथ, भुजा मे लाठी जैसे किसी वस्तु मारपीट करने पर गंभीर चोट लगा है और उसकी मृत्यू हो गया है, किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा भोला श्रीवास को मारपीट कर हत्या कर दिये है, ग्राम कंचनपुर का ग्राम कोटवार की रिपोर्ट पर दिनांक 24.04.2025 के रात्रि 02.40 बजे थाना पथरिया मे सूचना प्राप्त होने पर मर्ग कायम कर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये जिसके परिपालन मे अति. पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छावड़ा व उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल, अनुविभागीय अधिकारी मुंगेली मयंक तिवारी के मार्गदर्शन मे पथरिया पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुये परिजनो तथा गवाहो का कथन लिया गया, विवेचना दौरान मृतक भोला श्रीवास का अक्सर अपने पिता शिवचरण से झगड़ा विवाद का होना पता चला जिस पर मृतक भोला श्रीवास के पिता शिवचरण को मनोवैज्ञानिक ढंग से पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसमे बताये कि मेरा लड़का भोला श्रीवास (मृतक) हमेशा मुझे शराब पीकर गाली गलौज करता था, दिनांक 23.04.2025 के रात्रि करीब 09.00 बजे लड़का भोला श्रीवास शराब पीकर घर आया और शिवचरण (पिता) को गाली गलौज करते उसके गला को पकड़ लेना, जिस पर गाली गलौज को सुनकर शिवचरण का भाई राजेन्द्र श्रीवास आकर गाली क्यो दे रहे हो कहकर भोला श्रीवास को हाथ झापड़ से मारपीट किया फिर गुस्सा मे आकर शिवचरण के द्वारा आंगन मे रखे बांस के डण्डा से लड़का भोला को 05-06 डण्डा मारना बताये जिससे लड़का भोला जमीन पर गिर गया और उसके सिर से खुन निकलने लगा उसके बाद छोटे भाई राजेन्द्र श्रीवास के द्वारा डण्डा को छिपा देना बताये। मृतक भोला श्रीवास का डॉक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण मे आरोपीगण के विरूद्ध धारा 238 (ख), 3(5) बीएनएस जोड़ी गई।

## बुधवारी तालाब में निस्तार करना हुआ मुश्किल, कब सुधरेंगे हालात

**कोरबा(विश्व परिवार)।** वार्ड क्रमांक 21 में स्थित ऐतिहासिक बुधवारी तालाब की वर्तमान स्थिति स्थानीय निवासियों के लिए चिंता और नाराजगी का विषय बन गई है। यह तालाब लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए दैनिक जीवन के कई महत्वपूर्ण कार्यों जैसे स्नान, कपड़ा धोना, और अन्य सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख स्रोत रहा है। परंतु, वर्तमान में तालाब में पानी की मात्रा अत्यधिक घट गई है, जिससे आम जनता के निस्तार कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब में पानी का स्तर लगातार घटता जा रहा है और अब यह लगभग सूखने की कगार पर है। इसके अलावा, तालाब के आसपास के बड़े हिस्से में गंदगी फैली हुई है, जिससे न सिर्फदुर्गंध फैल रही है बल्कि यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रही है। इसके चलते लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की तलाश करनी पड़ रही है, जो सभी के लिए संभव नहीं है। बुधवारी तालाब का कुछ वर्षों पूर्व उन्नयन किया गया था, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि यह जल स्रोत फिर से उपयोगी और स्वच्छ बनेगा। लेकिन दुर्भाग्यवश, सुधार कार्यों के बाद भी तालाब की स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं हो सका और आज यह फिर से उपेक्षा का शिकार बन गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द तालाब की सफाई, गहराईकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ करें।

## सास की हत्या करने वाली बहू को मिली आजीवन कारावास की सजा

**खैरागढ़,(विश्व परिवार)।** सास की हत्या करने वाली बहू को पांच साल बाद अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 24 वर्षीय रूपा साहू ने घरेलू विवाद के चलते अपनी सास बिंदा साहू की लोहे की फूंकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। यह वारदात जुलाई 2020 में हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अदालत में चालान पेश किया था। करीब 5 साल तक चले मुकदमे के बाद अब अदालत ने बहू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला खैरागढ़ थाना क्षेत्र के भीमपुरी गांव का है। पुलिस जांच में सामने आया कि 16 जुलाई 2020 की रात घर में खाना बनाने को लेकर रूपा और उसकी सास बिंदा के बीच कहासुनी हुई थी। बहस इतनी बढ़ गई कि गुस्से में रूपा ने पास में रखी लोहे की फूंकनी उठाकर सास के सिर पर कई बार वार कर दिया। बिंदा को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खैरागढ़ थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर आरोपी बहू रूपा साहू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया था। पुलिस ने घटना स्थल से फूंकनी को जब्त कर सबूतों के साथ चालान अदालत में पेश किया।मामला अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ में चला।

## दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति का सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न







**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-विश्व हिन्दू परिषद अंतर्गत युवतियों का संगठन दुर्गावाहिनी मातृशक्ति का सात दिवसीय विभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग सूरजपुर स्थित गायत्री मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण दिनांक 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक चला जिसमें बहनों को नियुद्ध (कराटे), दंड चालन, तलवार चालन, राइफल चालन, घोष बजाने जैसे अनेक प्रकार के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया गए। इस शौर्य प्रशिक्षण में सूरजपुर, बैकुंठपुर व एमसीबी जिला के कुल 70 बहनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय, एवं मुख्य वक्ता के रूप में दुर्गावाहिनी की प्रांत सह संयोजिका सुश्री प्रीति दुबे, विहिप के विभाग मंत्री संदीप सोनी मुख्य रूप से शामिल रहे। वर्ग प्रभारी के रूप में दुर्गावाहिनी की विभाग संयोजिका रचना सिंह एवं जिला संयोजिका शशि राजवाड़े उपस्थित रहीं। साथ ही समस्त कार्यक्रम की व्यवस्था विहिप के जिला पदाधिकारियों ने किया तथा सात दिवसीय वर्ग को सुचारू रूप से सफल बनाने में बजरंग दल के मुख्य पदाधिकारियों की अग्रिम भूमिका रही। समापन समारोह में विहिप एवं बजरंग दल के जिला व नगर स्तर के पदाधिकारीगण तथा नगर के माननीय जनप्रतिनिधिगण व गणमान्य नागरिक, सम्माननीय माताएं व बहने भी उपस्थित रहें।

## पुलिस व खनिज विभाग के संरक्षण में फल फूल रहा है अवैध ईटों का कारोबार नहीं हो रही है कार्यवाही

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)** सूरजपुर विकासखंड के अंतर्गत रामानुजनगर क्षेत्र में ईट माफियाओं के बल्ले बल्ले तो आम नागरिक खौफ में है । संबंधित अधिकारीयों एवं पुलिस की मौन स्वीकृति से कोयला चोरों के बल्ले बल्ले है।

जानकारी के अनुसार नियम और कानून को ताक में रखकर बेखौफ होकर कोयला चोरों एवं अवैध ईट संचालको द्वारा कोलंचल क्षेत्र के ग्राम तिवरागुड़ी, नकना, बकना, सरईपारा, कौशलपुर, मे अवैध रूप से लगभग 25 गमला ईट भट्टों मे कई लाख ईट बनाकर ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास मे ईंटों को खपाया जा रहा है जिससे खनिज और राजस्व को जबरदस्त हानी हो रही है इनको किसी कानून का डर नहीं है। रामानुज नगर पुलिस थाने से महज 7 किलोमीटर की दूरी में ईट माफियाओं का साम्राज्य चल रहा है और धड़ल्ले से इनकी बिक्री की जा रही है। कोयला भी चोरी का ,बिजली भी चोरी कर रात दिन ट्यूबवेल का उपयोग कर ईंट का निर्माण किया जा रहा है। ईट माफियाओं का सेटिंग भी गजब का अधिकारी आए भी तो सिर्फ खाना पूर्ति कर अपना कमीशन लेकर चलते बनते हैं जबकि शासन ने जो नियम बनाया है उसे नियम के तहत प्रजापति जो कुम्भार जाति अनुसूचित जाति में जो आते हैं उनके लिए 50,000 ईट बनाने की छूट अपने निजी कार्यों के लिऐ दिया गया है लेकिन ऐसा न हो करके एक-एक ईट माफियाओं ने एक-एक भट्ठे में पांच लाख ईट बनाकर अपने जेब भरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अधिकारी भी इन्हें खुली छूट दे रखे हैं ।ईट माफियाओ एवं अधिकारीओ की मिली भगत से यह अवैध धंधा विगत कई वर्षों से फल फूल रहा है। शासन प्रशासन की संरक्षण में या यूं कहे उन्हें खुली चुनौती देकर खुलेआम खनिज और राजस्व विभाग का दोहन कर रहे हैं। सरकारी व निजी जमीन में अवैध तरीके से बेरोकटोक ईट बनाने का धंधा निरंतर बढ़ता5 जा रहा है । अवैध ईंट भट्ठे कोयला की चोरी से संचालित हो रहे हैं। तिवारागुड़ी में आधा दर्जन से ज्यादा अवैध ईंट भट्टे संचालित है। नकना, , उमापुर आदि स्थानों पर लोगों के द्वारा चोरी के कोयला से पूरा ईट भट्ठा संचालित कर रहे हैं इस पर संज्ञान लेने वाला कोई भी नहीं है। अवैध रूप से ईंट भट्टे का संचालन अवैध लघु उद्योग का रूप धारण करता जा रहा है। अवॉइड भक्तों के संचालन से कोयलांचल अशांत होता जा रहा है। पर्यावरण की होने वाले नुकसान के साथ साथ स्थानीय स्तर पर सत्ता और विपक्ष के बीच विवाद का कारण भी बनता जा रहा है। अवैध कार्य करने वाले अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर रहे हैंजिससे प्रशासन इन ईंटभट्टे पर कार्यवाही करने के बजाय अपनी मौन स्वीकृति दे कर बहती गंगा में हाथ धो रही है। मालामाल हो रही है।

**इस संबंध में क्या कहते हैं संबंधित अधिकारी-** इस संबन्ध में माइनिंग विभाग के राहुल गुलाटी का कहना है कि हमारे विभाग के कई लोग छुट्टी में हैं और जिला बड़ा होने के कारण जितनी तेजी से कार्रवाई होनी चाहिए उतना नहीं हो रहा है फिर भी हम अभी बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्रवाई किए हैं बहुत जल्दी रामानुजनगर के क्षेत्र में अवैध रूप से जो भी ईट भट्ठा संचालित कर रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी कार्रवाई करने के लिए मैंने पी. आर. ओ.को भी निर्देशित किया है। इस संबन्ध में पुलिस विभाग के एस. आई.मनोज पोरते ने भी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। रामानुज नगर एस.डी. एम अजय मोडियम का कहना था कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है मैं जानकारी ले रहा हूं इसके बाद ऐसे जो भी व्यक्ति हो जो राजस्व को हानि पहुंचा रहे हैं ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कबाड़ पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ कारोबार पर कठोर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा हेतु निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण कार्यवाहियाँ की गयीं है। जिसके तहत अवैध कबाड़ परिवहन व वाहन जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल 2025 की कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राताखार कोरबा में स्थित मुकेश कबड्डी के दुकान में भारी मात्रा में अवैध चोरी का कबाड़ लोहा, टीना कबर सामान को वाहन में लोड कर खपाने के लिए लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा राताखार स्थित कबाड़ दुकान जाकर घेराबंदी किया गया जहां पर पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग गए जिसमें एक व्यक्ति उपस्थित मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश कुमार उपाध्याय पिता मनहरण लाल उपाध्याय उम्र 48 वर्ष निवासी राताखार कोरबा का रहने वाला बताया तथा कबाड़ दुकान को मुकेश साहू का कबाड़ दुकान होना तथा दुकान में मजदूरी देखरेख करना बताया मौके पर दुकान में एक वाहन टाटा छोटा हाथी वाहन क्रमांक को (क्रमांक सीजी 12 एबी 6488) अवैध रूप से लोहे-टीन एवं मिश्रित धातु का कबाड़ लोड था।

### चिटफंड कंपनी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्राईवेट लिमिटेड के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चिटफंड कंपनी द्वारा विभिन्न समयावधि में रकम दोगुना करने का लालच देकर लोगों से लाखों रूपयों की ठगी की थी। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनमोहन लाल वर्मा निवासी ग्राम बरडीह व अन्य निवेशकों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्रा.लिमि. द्वारा प्रार्थी एवं निवेशकों के रूपये को निर्धारित अवधि में दुगूना करने का लालच देकर जमा कराया गया और समयावधि पूर्ण होने के बाद उक्त रकम को वापस नहीं किये है। कि रिपोर्ट पर उक्त चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर्स व प्रबंधकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 177/2017 धारा 420,34 भादवि. छग के निपेक्षकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 धन परिचालन स्कीम पाबंदी नियम 2013 की धारा 3,4,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एंड रियल स्टेट प्राईवेट लिमिटेड के फरार आरोपी जितेंद्र बिसे उम्र 45 वर्ष निवासी अंबेडकर नगर इंदौर मध्यप्रदेश को दिनांक 23.04.2025 को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत जिला जेल जशपुर से गिरफ्तार किया गया है।

### साडा स्कूल की दो छात्राएं चित्रकला में पुरस्कृत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** स्कूलों में पाठ्यक्रम के अलावा अन्य गतिविधियों में रूचि लेने व रचनात्मकता को बढ़ाने के कार्य जारी हैं। साडा गर्ल्स स्कूल की दो छात्राएं ऐसी ही एक प्रतियोगिता में सफल रहीं। अटल बिहारी विश्वविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 21 एवं 22 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमें सडक सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक एवं सहप्रभारी रेणुका लदेर के निर्देशन में छात्राओं ने भाग लिया एवं छात्रा पेमिला चैहान एवं राबिया खातून ने चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### बंधक बनाए गए मजदूरों को सकुशल कराया गया मुक्त

**बलौदाबाजार भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस ने ग्राम गंगरौली जिला गोंडा उत्तर प्रदेश में बंधक बनाये गये ग्राम मल्दी निवासी परिवार को सकुशल मुक्त करा लिया है। अपने गृहग्राम सकुशल वापस आने पर मजदूरों द्वारा पुलिस अधीक्षक से भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बता दें कि आवेदक मंटोरिया भाई ध्रुव निवासी ग्राम मल्दी द्वारा सूचना प्रदान किया गया कि उसके परिवार के सदस्यों को ग्राम गंगरौली जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठा में काम करने के लिए बंधक बना लिया गया है। साथ ही उनके मोबाइल आदि को भी छीनकर रख लिया गया है एवं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। सूचना पर नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में थाना सुहेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला गोण्डा उत्तर प्रदेश की पुलिस टीम से संपर्क किया गया एवं आपसी समन्वय स्थापित कर बंधक मजदूरों को उक्त ईंट भट्ठा से सकुशल मुक्त कराया गया।

# संपादकीय

## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है। मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं। बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012-16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455, स्टैंर्डड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली-भगत पकड़ी गई है। इसी दरम्यान देश से भाग चुके आर्थिक अपराधी विजय मल्या पर भी बैंकों को साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी। कहने में दोष नहीं है कि प्रत्यर्पण संधि के बावजूद कानूनी प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और आरोपियों को स्वदेश लाने में सालों लग जाते हैं। चोकसी का मामला भी अभी फेडरल पब्लिक जस्टिस और फॉरेन अफेयर्स की निगरानी में होगा। सरकार किस हद तक दोषी को वापस लाने की कवायद करती है, यह तो वक्त ही बताएगा। धोखाधड़ी के इस धन की वसूली और सजा देने में लगने वाले समय की चर्चा अभी बेमानी है क्योंकि सार्वजनिक बैंकों में इतने बड़े आर्थिक घोटालों में सरकार की भूमिका भी संदिग्ध ही पाई जाती रही है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बातें करने वाले सत्ताधारी दल को इसे चुनौती की तरह देखना चाहिए।

# रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन की नई अहमियत

**डा. जयंतीलाल भंडारी**



इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि इस समय देश का अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन 33 करोड़ टन से अधिक है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का आधे से भी कम है, ऐसे में अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करनी होगी इस समय भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के तहत भारत के द्वारा अमेरिका को किए जाने वाले कृषि उत्पादों के निर्यात के मद्देनजर टैरिफ कटौती के लिए सहमति के संकेत उभरकर दिखाई दे रहे हैं। भारत ने अमेरिका को बादाम, अखरोट, क्रैनबेरी, पिस्ता और दाल जैसे कृषि उत्पादों पर शुल्क में कटौती पर सहमति के संकेत दिए हैं। ऐसे में भारत के खाद्यान्न और खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्यात के मौके अमेरिका सहित दुनिया के विभिन्न देशों में बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे और भारत इससे लाभान्वित होगा। गौरतलब है कि जिस तरह पांच साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के हथियार बन गए थे, उसी प्रकार इस समय अमेरिका के टैरिफ की मार के साथ-साथ शुल्क व गैर शुल्क बाधाओं को कम करने से होने वाली किसी भी प्रकार की हानि को कम करने के मद्देनजर देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं। चूंकि इस वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन में कमी के आकलन प्रस्तुत हुए हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफ से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में होने वाली 3 से 3.5 फीसदी हानि की बहुत कुछ भरपाई खाद्यान्न और कृषि प्रसंस्करण के निर्यात से भी की जा सकेगी। निश्चित रूप से देश में बढ़ता खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत होती ग्रामीण आर्थिकी देश की आर्थिक शक्ति बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा कि इस समय देश में खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं और खाद्यान्न उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। यदि हम वर्ष 2024-25 के लिए जारी मुख्य कृषि फसलों (खरीफ एवं रबी) के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान की ओर देखें तो पाते हैं कि चावल, गेहूं, मक्का, मूंगफली एवं सोयाबीन के साथ-साथ तुअर और चना के भी रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद जताई गई है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि देश में कुल रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन 33 करोड़ टन से भी अधिक होने का अनुमान है। इसी तरह फल और सब्जी उत्पादन में भी तेज वृद्धि होगी। इतना ही नहीं वर्ष 2024-25 की सकल घरेलू उत्पाद में (जीडीपी) में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के योगदान में 4.6 फीसदी वृद्धि हो सकती है। पिछले वर्ष यह वृद्धि दर 2.7 फीसदी थी। इस तरह जहां देश में खाद्यान्न की कमी से खाद्यान्न अधिशेष की ऊंचाइयां देश के लिए लाभप्रद बन गई हैं, वहीं भारत का खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोससिंग) सेक्टर भी ट्रंप के टैरिफ से जंग में भारत की आर्थिक ताकत दिखाई दे रहा है। यह एक ऐसा उभरता उद्योग है जिसमें पिछले 10 वर्षों में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हुआ है। देश के कुल कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13.7 से बढ़कर करीब 24 प्रतिशत हो गई है। इस परिप्रेक्ष्य में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की खाद्य प्रसंस्करण पर प्रकाशित शोध अध्ययन रिपोर्ट उल्लेखनीय है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खाद्य प्रसंस्करण का क्षेत्र वर्ष 2023 में 307 अरब डॉलर का था, यह तेजी से बढ़कर वित्त वर्ष 2030 तक 700 अरब डॉलर, वर्ष 2035 तक 1100 अरब डॉलर, वर्ष 2040 तक 1500 अरब डॉलर और वर्ष 2047 तक 2150 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद है। पीएचडीसीसीआई ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत से कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर से निर्यात में तेज वृद्धि हो रही है। वर्ष 2013-14 में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का जो निर्यात 39 अरब डॉलर था, वह बढ़कर वर्ष 2022-23 में 52 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से निर्यात लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक 125 अरब डॉलर, वर्ष 2035 तक 250 अरब डॉलर, वर्ष 2040 तक 450 अरब डॉलर और वर्ष 2047 तक 700 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। नि:संदेह ट्रंप की टैरिफ चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर भारत के लिए कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन महत्वपूर्ण बन गया है। कृषि के बुनियादी ढांचे और निवेश पर पिछले एक दशक में रणनीतिपूर्वक ध्यान दिए जाने के अच्छे परिणाम मिले हैं। सूचना प्रौद्योगिक तक पहुंच में वृद्धि ने ग्रामीण-शहरी दूरियों में कमी ला दी है। भारतीय किसान तेजी से डिजिटल पेमेंट, फसल बीमा और बैंकों से औपचारिक ऋण की सुविधाओं की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। ग्रामीण लोगों की क्रयशक्ति बढ़ने, डिजिटल उपयोग में वृद्धि, ग्रामीण भारत के विकास के लिए शुरू योजनाओं से ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच, गांवों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार, ग्रामीण भारत के लोगों की पूरक आय में वृद्धि आदि ऐसे कारण हैं, जिन्होंने भारत की ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत बनाया है। खास बात यह भी है कि 24 फरवरी 2025 तक पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश के कोई 9.8 करोड़ से अधिक किसानों को 19 किस्तों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 3.68 लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा चुकी है जिससे उन्हें खेती-किसानी से जुड़े खर्चों में राहत मिल रही है। इतना ही नहीं, 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत के आर्थिक परिवर्तन को गति देने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना की अहमियत दिखाई देना शुरू हो गई है। फरवरी 2025 तक देश के छह लाख गांवों में से आधे से अधिक गांवों का सर्वे पूरा हो चुका है, और सवा दो करोड़ ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड मिल चुके हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक की आर्थिक गतिविधियों का मार्ग भी खुल गया है। निश्चित रूप से ट्रंप के टैरिफ से इस समय देश की आर्थिकी को होने वाले किसी भी नुकसान की भरपाई के साथ भविष्य में भी अन्य किसी भी वैश्विक आर्थिक चुनौती का मुकाबला करने के लिए सरकार के द्वारा कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ना होगा। सरकार के द्वारा कृषि विकास दर बढ़ाने, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने, खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने तथा किसानों के लिए पर्याप्त खाद्यान्न भंडारण की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाना होगा। चूंकि भारत में अभी भी अनाज, दाल व तिलहन के उत्पादन का स्तर तो मौसम पर निर्भर ही होता है और कभी जरूरत से कम तो कभी जरूरत से ज्यादा बारिश इनके उत्पादन के सारे गणित को गड़बड़ कर देती है, ऐसे में क्षेत्रवार और फसलवार आधार का व्यापक अध्ययन करते हुए सिंचाई की व्यवस्था की नई नीति तैयार करना लाभप्रद होगा। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि इस समय देश का अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन 33 करोड़ टन से अधिक है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का आधे से भी कम है, ऐसे में अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना के तेजी से कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि भारत के द्वारा अमेरिका के साथ पारस्परिक शुल्क पर सहमति से आगे बढ़ने की रणनीति भारत के लिए लाभप्रद होगी। साथ ही ट्रंप के टैरिफ के मुकाबले भारत का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, बढ़ता खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और बढ़ता कृषि व खाद्य प्रसंस्करण निर्यात भारत के लिए एक मजबूत और असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगिता देते हुए दिखाई देगा।

## आलेख

### देश में एक नया दर्शन स्थापित

**अजीत द्विवेदी**

कर्ज लेकर घी पीने का एक दर्शन भारत में रहा है। चार्वाक ऋषि को इस दर्शन का प्रणेता माना जाता है। हालांकि यह दर्शन ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कर्ज लेकर घी पीने वालों को भारतीय समाज में फ्रॉड माना जाता है। इसलिए यह काम बड़े लोगों खासकर उद्योगपतियों, कारोबारियों, नेताओं आदि के लिए छोड़ दिया गया। मध्यवर्ग अपनी मोरालिटी में इससे दूर रहा तो निचले तबके को इसका मौका ही नहीं मिला। लेकिन अब देश में एक नया दर्शन स्थापित हो रहा है। कर्ज लेकर दाल-रोटी चलाने का। नोटबंदी, जीएसटी और केंद्र सरकार की अन्य आर्थिक नीतियों के साथ साथ कोरोना की महामारी ने भारतीय समाज को इस दर्शन का अनुपालन करने के लिए मजबूर कर दिया है। भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है। कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है। घरेलू कर्ज के आंकड़ों की थोड़ी और बारीकी में जाते हैं तो पता चलता है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 की तीन साल की अवधि में बैंकों से लिए जाने वाले पर्सनल लोन में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में मिनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी तुलना में इसी अवधि में घरेलू आय में 43 फीसदी और उपभोग में 49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यानी आय व उपभोग के अनुपात में कर्ज ज्यादा बढ़ा है। अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि अगर कर्ज बढ़ने का ट्रेंड 2015 से 2019 वाला रहता और उसके बाद चार साल में जितनी तेजी से बढ़ा है वैसे नहीं बढ़ता तो उपभोक्ता खर्च में जीडीपी के दो फीसदी के बराबर कमी आती। इसका बहुत बड़ा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ज्यादातर कर्ज घरेलू और रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया जा रहा है। निवेश करने या कारोबार बढ़ाने के लिए इस अनुपात में कर्ज नहीं लिया जा रहा है। दूसरी खास बात यह है कि पांच लाख रुपए सालाना से कम आय वाले लोग अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। यही कारण है कि अनसिक्योर लोन की मात्रा सबसे ज्यादा बढ़ रही है। अगर बैंकों से लिए जाने वाले घरेलू कर्ज में क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के कर्ज को जोड़ दें तो मार्च 2021 से मार्च 2024 की अवधि में कर्ज बड़ने का आंकड़ा 82 फीसदी पहुंच जाता है। इन तीनों मामलों यानी घरेलू कर्ज, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का कर्ज इसी अवधि में 130 फीसदी की दर से बढ़ा है। तभी माना जा रहा है कि पांच लाख से कम आय वाला घर चलाने के लिए कर्ज ले रहा है और उससे ज्यादा मध्य आय वाला वर्ग घर और कार आदि के लिए कर्ज ले रहा है। चिंता की दूसरी बात यह है कि पहले से चल रहे कर्ज के बाद भी परिवार कर्ज ले रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक निजी कर्ज लेने वाले पांच से में तीन लोगों के ऊपर एक साथ तीन लोन की किस्तें चल रही हैं।

# सतत विकास ही पृथ्वी दिवस का ध्येय

**प्रो. सतपाल**

यद्यपि हिमाचल में प्लास्टिक बैग पर पूर्णत: प्रतिबंध है, फिर भी मल्टीनेशनल ब्रांड्स व कम्पनियों द्वारा उत्पादों की पैकेजिंग में प्लास्टिक के उपयोग से प्रदेश भी नहीं बच पा रहा मानव जीवनयापन के दृष्टिकोण से पृथ्वी, सौरमंडल का सबसे उपयुक्त ग्रह है। पृथ्वी ब्रह्मांड का एक बिंदु मात्र है। खगोलविदों की मानें तो ब्रह्मांड का उद्भव आज से लगभग 13.8 अरब वर्ष पूर्व, बिग बैंग विस्फोट के कारण हुआ। बिग बैंग सिद्धांत के अनुसार ब्रह्मांड की उत्पत्ति एक बिंदु से हुई, जो आज भी फैलता जा रहा है। ब्रह्मांड इतना विस्तृत एवं विशाल है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सौरमंडल ब्रह्मांड का एक छोटा अंश है। सौरमंडल जैसे न जाने कितनी आकृतियां ब्रह्मांड में समा जाती हैं। सौरमंडल का एक महत्वपूर्ण ग्रह है पृथ्वी। पृथ्वी, सौरमंडल की वह स्थलाकृति है जहां मनुष्य जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध हैं जो अन्य ग्रहों में नहीं हैं। यहां जल, वायु एवं अनुकूल वातावरण सहित न जाने कितने ऐसे घटक हैं जो मनुष्य जीवन को दूसरे ग्रहों से आरामदायी एवं बेहतर बनाते हैं। इतना ही नहीं, पृथ्वी सौरमंडल का एकमात्र ग्रह है जिसकी सतह ठोस, तरल एवं गैस के अलावा वायुमंडल, बादल और मौसम जैसी अद्भुत क्रियाएं भी मौजूद हैं। इन प्राकृतिक सुख-सुविधाओं को मानव सदैव भोगता चला आ रहा है। आदिमानव से लेकर वर्तमान रोबोट के युग तक आते-आते मनुष्य ने न जाने कितने आयाम स्थापित किए हैं। ये आयाम मूलत: मनुष्य के विकास की गाथा को भी बयां करते हैं, ऐसा कहने में किंचित संशय नहीं किया जा सकता। लेकिन विकास की इस अंधी दौड़ में हमने कुछ पाने के उद्देश्य से बहुत कुछ खो दिया। यद्यपि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन परिवर्तन प्राकृतिक हो तो शोभनीय एवं लाभप्रद होता है। पिछले 500 से 600 वर्षों में होने वाले परिवर्तनों की तरफ यदि नजर दौड़ाएं तो जो परिवर्तन हम देखते हैं, वे भले ही विकास की गाथा के द्योतक रहे होंगे, लेकिन कहीं न कहीं प्रकृति द्वारा तय मानकों पर खरे नहीं उतरते। परिणामस्वरूप, आज सम्पूर्ण विश्व की पृथ्वी के संरक्षण के प्रति एक सांझी समझ बनी है। चाहे पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अंतरराष्ट्रीय पहल हो या जल एवं जलवायु परिवर्तन संरक्षण, ये चिंताएं वैश्विक मंच पर चर्चा का मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। इस वैश्विक चिंता एवं चर्चा के चलते ही 22 अप्रैल का दिन पूरे विश्व में पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह शुरुआत संयुक्त राज्य अमेरिका के एक सीनेटर गेलार्ड नेल्सन ने वर्ष 1970 में की। उन्होंने पहली बार विश्व पर्यावरण संबंधी मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे देश में रैलियों का आयोजन किया। उन्होंने न केवल पर्यावरण संरक्षण अपितु मानव एवं अन्य जीवित प्राणियों के बीच पारिस्थितिकी संतुलन को बनाने हेतु जनजागरण के लिए प्रयत्न किए। नतीजतन अमेरिकी सरकार ने इसी वर्ष पर्यावरण संरक्षण एजेंसी का गठन किया। इसी एक प्रयास के चलते ही वर्ष 1990 तक पृथ्वी दिवस का आयोजन विश्व के 140 देशों में होने लगा। भारत में पर्यावरण संरक्षण का यह बीड़ा अनेकों पर्यावरणविदों ने अनेक आंदोलन चलाकर उठाया। बल्कि, भारत में पर्यावरण संरक्षण का इतिहास काफी पुराना है। यहां पहला संगठित आंदोलन वर्ष 1730 में राजस्थान में खेजड़ी के पेड़ों को कटने से बचाने के लिए देखने को मिलता है जिसमें बिश्नोई समाज के 363 लोगों ने अपनी जान की बाजी लगा दी थी, जिसके कारण इसे बिश्नोई आंदोलन के नाम से जाना जाता है। वर्ष 1973 का उत्तराखंड राज्य में सुंदर लाल बहुगुणा का चिपको आंदोलन, साइलैंट वैली बचाओ आंदोलन, मेधा पाटकर का नर्मदा बचाओ आंदोलन व कर्नाटक के एपिको आंदोलन सहित न जाने कितने आंदोलन वनों को काटने से रोकने हेतु चलाए गए। हिमाचल प्रदेश की पर्यावरणविद व समाजसेवी किंकरी देवी का पर्यावरण संरक्षण हेतु आंदोलन कौन भूल सकता है, जिन्होंने वर्ष 1985 में पर्यावरण संरक्षण की लड़ाई आरंभ की और जीवनपर्यन्त इसे जारी रखा। उन्होंने न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया, बल्कि इसके अतिरिक्त खनन माफिया के प्रति भी जंग जारी रखी। पृथ्वी जिन कारकों के कारण मानव जीवन के लिए उपयुक्त ग्रह माना जाता है, वे सभी घटक एवं कारक आज कहीं न कहीं खतरे की जद में हैं। वर्तमान वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण व मृदा प्रदूषण मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों को अपने आगोश में लिए हुए हैं। देश एवं प्रदेश में कैंसर, श्वास एवं हृदय संबंधी रोगियों की संख्या में निरंतर वृद्धि इस बात की पुष्टि करता है। पृथ्वी सदैव ही अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जानी जाती है। जैव विविधता परिस्थितिकी तंत्र की महता किसी से छुपी नहीं, यह मनुष्य का आश्रय, खाद्य श्रृंखला व अन्य आवश्यक वस्तुओं का प्राकृतिक स्रोत है। परंतु आज हमारी पृथ्वी का पारिस्थितिकी असंतुलन व समृद्ध जैव विविधता का भी पतन हो रहा है, जो निश्चित तौर पर नीतिकारों के समक्ष गहन चिंतन का विषय है। यद्यपि विश्व के पर्यावरणविद एवं बुद्धिजीवी इस बाबत प्रयत्नशील हैं, तथापि इसमें व्यक्तिगत समझ एवं व्यक्तिगत पहल ही सफलता की राह में मील का पत्थर साबित हो सकता है। जलवायु परिवर्तन एक और समस्या है जो मानव जीवन को चौतरफा प्रभावित करता है। अनावश्यक एवं भयानक मौसमी क्रियाएं जलवायु परिवर्तन के उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त अपशिष्ट प्रबंधन वर्तमान में एक विकट स्थिति पैदा कर चुकी है। जहां एक ओर स्वच्छ भारत मिशन ने लोगों का कूड़ा-कर्कट के एकत्रीकरण के प्रति निश्चित रूप से दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निहित की है, वहीं एकत्रित कूड़े का सवंर्द्धन कर पाने में चूकते जा रहे हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक के उपयोग की आदी होती वर्तमान पीढ़ी को इसके विकल्प तलाशने की कवायद है।

# अंबेडकर का संविधान आज भारत में असफल क्यों

**भानु धमीजा**

तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और अन्य छोटे राज्यों को डर है कि आगामी जनगणना के कारण उन्हें उत्तर के बड़े राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार के हाथों अपनी संसदीय सीटें खोनी पड़ सकती हैं। उनका तर्क है कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने की उनकी सफलता का फल उन्हें प्रतिनिधित्व खोने के रूप में नहीं मिलना चाहिए। अंबेडकर का संविधान इन छोटे राज्यों की वैध चिंताओं को संबोधित करने के लिए कोई स्पष्ट हल उपलब्ध नहीं करवाता है। जैसा कि कांग्रेस नेता और केरल से सांसद शशि थरूर ने हाल ही में ध्यान दिलाया, ''क्या हो अगर उत्तर के हिंदीभाषी राज्यों को अचानक दो-तिहाई बहुमत हासिल हो जाए और वे संविधान संशोधन पारित कर पाएं? आज जब भारत बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती मना रहा है, तो यह विचार करने का सही समय है कि उनका सबसे बड़ा योगदान ङ्क हमारा संविधान ङ्क किस कुशलता से देश की सेवा कर रहा है। इस बात की अकसर आलोचना होती है कि भारत का संविधान इसकी प्रस्तावना में दिए गए वचन पूरे नहीं कर पाया जिसमें न्याय, समानता, और स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की कल्पना की गई है। इन सभी क्षेत्रों में विफलताओं के बहुत उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। परंतु ताजा राजनीतिक घटनाक्रम इन कमियों के अंतर्निहित कारणों को सामने ले आए हैं। आइए हमारे संविधान द्वारा स्थापित सरकार की हर शाखा और संघीय ढांचे में इन मुद्दों पर नजदीक से दृष्टिपात करें। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार की इस बात के लिए आलोचना की कि उचित न्यायिक प्रक्रिया अपनाए बिना प्रयागराज में घर ध्वस्त करने के आदेश दिए गए। अपनी किताबों को पकड़े बुलडोजरों से बचकर भागती आठ वर्ष की बच्ची के वीडियो ने राष्ट्र को गहराई तक झकझोर दिया। न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, ''जिस प्रकार नोटिस दिए जाने के 24 घंटे के भीतर यह किया गया, उससे अदालत की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है।'' नवंबर माह में कोर्ट ने उनके धड़ाधड़ प्रयोग को 'गैर कानूनी, निर्मम स्थिति' बताते हुए बुलडोजरों से निर्माण गिराने पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि ऐसी घटनाएं देश भर में जारी हैं। अंबेडकर का संविधान एक स्वेच्छाचारी कार्यकारी (मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री) को तब तक रोकने, दंडित करने या पद से हटाने की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं करवाता, जब तक उन्हें विधायिका (विधानसभा या संसद) में



बहुमत प्राप्त है। संविधान का प्रारूप बनाते समय अंबेडकर का प्रसिद्ध कथन था कि जिस संसदीय प्रणाली को अंगीकृत किया जा रहा है, वह एक 'उत्तरदायी' सरकार सुनिश्चित करेगी। उन्होंने तर्क दिया कि विधायिका के सदस्य कार्यपालिका की 'प्रतिदिन' निगरानी करेंगे और अगर यह अपनी शक्ति का दुरुपयोग करती है तो वे सरकार गिराने की धमकी देकर उसे उत्तरदायी ठहराएंगे। हालांकि अपने अधिकारों के दुरुपयोग या अतिक्रमण पर भारत में आज तक कोई सरकार नहीं हटाई गई। ऐसा इसलिए क्योंकि कोई भी विधायक या सांसद अपनी पार्टी को नाराज करने या सदन भंग करने की शुरुआत करने का जोखिम नहीं उठाना चाहता। वर्ष 1985 में दलबदल विरोधी संशोधन पारित कर, जिसने सांसदों और विधायकों का अपनी पार्टी के विरुद्ध वोट देना अवैध बना दिया, भारत ने कार्यपालिका पर अंबेडकर के संविधान का नियंत्रण और भी कमजोर कर दिया। संसद ने हाल ही में एक विवादित धार्मिक कानून, वक्फ संशोधन विधेयक, पारित किया है जिसका उद्देश्य मुस्लिम धर्मार्थ निधि प्रबंधन में सुधार लाना है। विधेयक के अनुसार वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना, वक्फ को उन्हीं लोगों तक सीमित करना जो इस्लाम को कम से कम पांच वर्षों से मानना साबित कर पाएं, और वक्फ संपत्तियों को मान्य बनाने में सरकारी अधिकारियों को शामिल करना आवश्यक है। इसका जोरदार विरोध हो रहा है, विशेष तौर पर इसलिए क्योंकि हिंदू धार्मिक निकायों के लिए समान शर्तों वाला कोई कानून नहीं है। वक्फ विधेयक में विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तावित कोई भी सुधार स्वीकार नहीं किया गया। विधेयक लोकसभा में 288-232 और राज्यसभा में 128-95 के अंतर से पारित हो गया। सत्ताधारी गठबंधन के किसी सदस्य ने इसके विरुद्ध मत नहीं दिया। अंबेडकर का संविधान बहुमत के शासन के सिद्धांत पर आधारित है, परंतु इसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो शासन में अल्पमत की आवाज उठाना सुनिश्चित करे। इस दोष के कारण ही आखिरकार अंबेडकर अपने ही सृजन के विरुद्ध आ खड़े हुए थे। वर्ष 1953 में उन्होंने अपने मोहभंग को राज्यसभा में कुछ यूं व्यक्त किया, ''महोदय, मेरे मित्र मुझसे कहते हैं कि मैंने संविधान बनाया। परंतु मैं यह कहने के लिए पूरी तरह तैयार हूं कि इसे जला डालने वाला मैं पहला शख्स हूंगाज्यह किसी के लिए भी सही नहीं है।''संविधान प्रारूपण में उनके सम्मिलित होने से पूर्व अंबेडकर ने तर्क दिया था कि भारत में ''बहुमत का शासन सैद्धांतिक रूप से अस्थिर और व्यवहार में अनुचित है।'' परंतु संविधान निर्माण के समय नेहरू और अन्यों ने अंबेडकर को मना लिया कि वह देश की शासकीय संस्थाओं में अल्पसंख्यकों को बड़ी भूमिका देने के अपने प्रस्ताव छोड़ दें। भारत जैसे विविध और धार्मिक तौर पर आवेशित राष्ट्र में कठोर बहुमत शासन की प्रणाली अप्रभावी सिद्ध हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### आकाशवाणी से विजय मिश्रा की कविताओं का प्रसारण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आकाशवाणी रायपुर के साहित्यिक कार्यक्रम 'पल्लवी' के अंतर्गत प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा 'अमित' अपनी कविताओं की प्रस्तुति देंगे। 26 अप्रैल शनिवार को सुबह 10 बजे प्रसारित इसी कार्यक्रम में डॉ भुवाल सिंह ठाकुर की वार्ता 'भारतीय संत परम्परा' का भी प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी रायपुर के इस साहित्यिक कार्यक्रम पल्लवी के सम्पादक-प्रस्तुतकर्ता कार्यक्रम अधिशासी प्रकाश उदय होंगे। विदित हो कि विजय मिश्रा 'अमित' की कविताएं यथार्थवादी हैं।समाज की विसंगतियों पर कड़ा प्रहार करती हुई व्याप्त समस्याओं का समाधान भी व्यक्त करती हैं।

### मनोहर गौशाला में जेसीआई रायपुर capital का फैमेली इवेंट 27 को



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जेसीआई रायपुर कैपिटल जोन-9 द्वारा फैमेली इवेंट का आयोजन मनोहर गौशाला खैरागढ़ में किया गया है। 27 अप्रैल को यह कार्यक्रम होगा। टैगोरनगर स्थित एमएलए रेस्ट हाउस से सुबह 8.30 बजे इस इवेंट में भाग लेने वाले मनोहर गौशाला के लिए रवाना होंगे। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने बताया कि गौशाला में मौजूद सौम्या कामधेनु गौ माता के दर्शन के लिए इस परिवारिक कार्यक्रम का आयोजन जेसीआई raipur capital द्वारा किया गया है। यहां दिनभर समय बिताने के बाद शाम को सभी वापस लौटेंगे। इस आयोजन को लेकर गुरुवार को इसके पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी श्री राजेश अग्रवाल, सिद्धार्थ मुकीम, प्रनेश जैन, सूरज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### कांजी हाउस में मवेशियो को मिला पौष्टिक आहार, आयुक्त की पहल से गंज मण्डी में बचे फल सब्जी पहुच रहा कांजी हाउस

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही करती है तथा पकडे मवेशियों को कांजी हाउस में रखा जाता है। उक्त मवेशियों के पौष्टिक आहार देने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर गंज मण्डी में बचे फल सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है। मवेशियो को गर्मी के मौसम में चारा पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुचारू रूप से देने एवं उनकी सही देख भाल करने महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि घुमंतु मवेशी चौक चौराहो में बैठ जाते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा मवेशी भी दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इससे बचने तथा मवेशियों की सुरक्षा के लिये शासन द्वारा भी मवेशी धर पकड अभियान चलाने समय समय पर निर्देशित किया जाता है। शहर के चौक चौराहो में बैठे मवेशियो को पकड कर नगर निगम की टीम रेवाडीह एवं कन्हारपुरी काजी हाउस में रखते है, जिसे अर्थदण्ड लेकर छोडा जाता है।



### छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं...पेज-01 का शेष

इस अवसर पर उन्होंने लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण समारोह में शासकीय दिव्यांग स्कूल माना के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही आकर्षक गीत गाया गया, जिसने सबका मन मोहा।इसके साथ ही राजनांदगांव के दिव्यांग स्कूल के श्रवण बाधित छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, विधायक श्री राजेश मूणत, श्री मोतीलाल साहू, श्री पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जल ही जीवन है इसका काम से कम मात्रा में उपयोग करना चाहिए स्वास्तिभूषण माताजी




**केकड़ी (विश्व परिवार)।** सूरज एक शक्तिमान, ऊर्जावान, व प्रकाशवान शक्ति है इसी के द्वारा सारा संसार चलायमान है।जिस दिन सूरज की रोशनी मिलनी बंद हो जाएगी उस दिन धरती पर जीवन समाप्त हो जाएगा।

इसी प्रकार जल ही जीवन है इसका कम से कम मात्रा में उपयोग करना चाहिए। यह उदगार बोहरा कॉलोनी स्थित शिवम वाटिका में आयोजित धर्म सभा में गणिनी आर्यिका 105स्वस्तिभूषण माता जी ने अपने धर्म उपदेश में कहे। उन्होंने कहा की आत्मा का वर्णन दो तरह से किया जाता है। मैं क्या हूं, और मैं कौन हूं, सुख दर्शन ज्ञान एवं शक्ति के अलावा हमारे अंदर आत्मानंद के भरपूर गुण भरे हैं। यह तभी संभव है जब छोटे-छोटे नियम लेकर त्याग भावना बनाकर त्याग प्रवृत्ति को ग्रहण करें, इससे आत्म शक्ति को प्रबल किया जा सकता है।

त्याग शक्ति भावों के द्वारा बाहर निकल कर आत्म शक्ति को मजबूती प्रदान करती है।प्रात: शांतिधारा, जिनाभिषेक, जिनेंद्र अर्चना एवं धार्मिक क्रियाएं आर्यिका ससंघ के सानिध्य में संपन्न हुई।

दोपहर की बेला में मोटिवेशनल स्पीकर सौरभ जैन जयपुर द्वारा छात्र-छात्राओं को एवं 40 वर्ष तक के महिला और पुरुषों को जीवन जीने की कला एवं आध्यात्मिक जीवन शैली की प्रति उद्बोधन के माध्यम से व्याख्या करते हुए समझाया।

चित्र अनावरण दीप प्रज्वलनव माताजी के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अनिल कुमार आकाश बंसल मेहरुकलां परिवार में प्राप्त किया। आर्यिका माताजी के दर्शन हेतु प्रतिदिन बाहर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।धर्म सभा का संचालन भैया निकेत शास्त्री द्वारा किया गया।

## सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में भक्ति का तम्बोला व आवाज की शक्ति, प्रभु की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

### 27 अप्रैल अमावस्या पर दादागुरुदेव की पूजा में पहलगाम के शहीदों के लिए प्रार्थना




**रायपुर (विश्व परिवार)।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में बीजेएस सीमंधर महिला मंडल द्वारा नाकोड़ा भवन में भक्ति का तम्बोला व गरबा का भव्य आयोजन किया गया। पालना जी का भक्ति में सीमंधर स्वामी के पास हमें जाना है संयम ले के केवल पा के मोक्ष हमें जाना है भजनों ने जनमानस को भाव विभोर कर दिया। सीमंधर स्वामी परमात्मा के पालना जी के लाभार्थी संतोष सरला बैद महासचिव महेन्द्र कोचर ट्रस्टी नीलेश गोलछा, डॉ योगेश बंगानी ने दीप प्रज्वलित कर पालने को झुलाया। कार्यक्रम संचालक मयूरी गोलछा ने बताया कि धार्मिक प्रश्नोत्तरी के साथ प्रत्येक 60 मिनट में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नवकार मंत्र की शक्ति से रंगों का जादु, प्रभु भक्ति के इस रंगारंग कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सीम झाबक व दीप्ती बैद की प्रस्तुति आवाज की शक्ति प्रभु की भक्ति में समस्त प्रतियोगी गायकों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

**पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि हेतु प्रार्थना व इक्तिसा जाप**= श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि 27 अप्रैल रविवार को प्रात: 10 बजे से चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में दादागुरुदेव की बड़ी पूजा होगी। जिसमें काश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रार्थना इक्तिसा जाप किया जावेगा। कोचर ने कहा कि वर्तमान में विश्व पटल पर भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो प्रासंगिक है। अहिंसा ही विश्व शांति का एकमात्र मार्ग है। विश्व के सभी देशों को इस मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

## जन आक्रोश प्रदर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा का गांधी पार्क में हुआ आयोजन

**आतंकवादी की कायराना हमले की सभी ने की निंदा, कहा- भारत सरकार आतंकवादी को जड़ भूल से नष्ट करें**




**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** पुलवामा में हुये निर्दोष नागरिकों पर आतंकवादी कायराना हमलें के खिलाफ हिन्दू सर्व समाज ने नगर के हृदय स्थल पर जन आक्रोष प्रदर्शन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जहां सभी समाजों के वरिष्ठ जनों ने इस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए आतंकवाद को जड़ मूल से खत्म करने की मांग भारत सरकार से करते हुए सभी मृतक जनो की आत्मा की शान्ति के लिए मौन धारण कर पुष्पांजलि अर्पित की इस दौरान मल्हारगढ़ मठ के महंत जी ने कहा कि निश्चित रूप से इस आतंकी हमले ने भारत माता को लहू लूहान कर दिया आतंकवादी ने वहां भ्रमण के लिए गये पर्यटकों का धर्म पूछ पूछ कर हिन्दू भाईयों को निशाना बनाया यह और भी अधिक निंदनीय है।

हम सब ऐसे कायराना हमलें की निंदा करते हैं इस दौरान नपं अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने इस हमले कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि इसे लोगो को सबक सिखाना अनिवार्य है विश्व हिन्दू परिषद के धर्म प्रांत प्रचारक दीपक मिश्रा जैन ने कहा कि ये हिन्दू समाज को सीधा निशाना वनया गया ये किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा हम इस घटना की निद्रा करते हैं सरकार से मांग करते हैं कि सभी आतंक वादीयो उनके किये की सजा मिले।

भारत सरकार आतंकवादी को कड़ी दंड दे जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि भारत सरकार ऐसे लोगों को छोड़ेगी नहीं कही ना कही स्थानिये लोगों को पता था इसलिए तो खोमचा वाले फूगगे सहित अन्य काम करने वाले लोग नदारत थेआतकवादी यो अव नेस्तनाबूद करने का समय आ गया है संजय रधुवंशी ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना से हम सभी दुखी हैं के पी यादव ने कहा कि इस तरह के हमलों से सिद्ध हो गया कि आतंकवादी को किसी तरह का रहम नहीं होना चाहिए। **-विजय धुर्रा**

## सड़क के किनारे खड़े पुराने कंडम वाहनों को नहीं हटाने वालो पर अपराध कायम होगा, उन्हें मिलेगी सजा



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** आज नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नेशनल हाईवे एवं सर्विस रोड पर रखी हुई पुरानी गाड़ियों को हटाने के लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के अधिकारी एवं यातायात विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो का संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। यह अभियान नेहरू नगर चौंक से शुरू होकर खुर्सीपार तक चला। सर्वप्रथम जो भी जीर्ण-शीर्ण पुराने वाहन सड़क के किनारे एवं सर्विस रोड पर खड़े पाए गए। उन सभी गाड़ियो पर नोटिस चस्पा किया गया। जो चलायमान गाड़ी सड़क पर खड़ा करके सड़क जाम किया गया था, उस पर यातायात विभाग के द्वारा 20 वाहनो को चालान काट कर कोर्ट में पेश किया गया एवं 5 वाहनों पर 500-500 रूपये का फाईन काटा गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, यातायात विभाग से ए.एस.पी. रिचा मिश्रा, एस.आई. यशवंत राठौर, ए.एस.आई. राजकुमार दुबे, आरक्षक रूपेश ठाकुर, विजय शर्मा, आशीष शुक्ला संयुक्त रूप से सड़को पर निकले। देखने में आया कि पुरानी मोटर साईकल, स्कूटर, कार, जीप, आटो, टेम्पो, मिनी बस, मेटाडोर इत्यादि को सड़को पर खड़ा कर दिए है। उससे आवागमन पुरी तरह बाधित हो रहा है। वे सब गाड़ियां वर्षो से पड़ी है, हटाई नहीं जा रही है। ऐसे तमाम प्रकार के वाहनों पर नोटिस चस्पा किया गया। जिसके मालिक का पता चला उससे बात किया गया, सभी को 24 घंटे का समय दिया गया है। अपने-अपने वाहनो को हटा ले नहीं तो यातायात विभाग द्वारा सभी वाहनों को जप्ती बनाकर निलामी की कार्यवाही की जावेगी। पावर हाउस मार्केट के समीप बने डोम शेड में कबाड़ की गाड़ी एवं कबाड़ी का समान रखा हुआ था, उसे तत्काल हटाने का नोटिस दिया गया। जी.ई. रोड एवं सर्विस रोड मिलाकर 450 से अधिक पुरानी कंडम गांडियां सड़को पर खड़ी है, सभी पर कार्यवाही की जावेगी।

## प्रधानमंत्री आवास की लाटरी 30 अप्रैल को निगम भिलाई में




**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई में शासन की जनकल्याणकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का निर्माण किया गया है। मकान के लिए पात्र हितग्राही जो अभी तक अंशदान की राशि जमा नहीं किए है वे 29 अप्रेल तक मकान का 10 प्रतिशत राशि जमा कर दे। जो हितग्राही मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किये है, वे हितग्राही लाटरी में भाग लेकर अपने स्वयं के मकान के हकदार होगें। लाटरी नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 30.04.2025 को सुबह 11 बजे आयोजित है। संबंधित हितग्राही रसीद की कापी के साथ समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है।

प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बार्ड, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया में निर्मित मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्घति के माध्यम से किया जायेगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल का नागरिको से अपील है कि प्रधानमंत्री आवास के तहत बनाए गये मकान बहुत मजबूत है। इसमें सभी प्रकार की सुविधा दी गई है, जो एक घर में होना चाहिए। बेडरूम, किचन, बाथरूम, टायलेट, बालकनी, सड़क, बिजली, पानी आदि सभी सुविधा युक्त है। अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठावे, यह योजना आपके एवं आपके परिवार के लिए है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया है कि गर्मी को देखते हुए नगर निगम भिलाई के सभागार में ही छोटे-छोटे टूकड़ो में आवास लाटरी की प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी। मकान प्रथम-आओ, प्रथम-पाओ की पद्घति है, जो भी आवेदन करेगा, 10 प्रतिशत राशि जमा करेगा।

## भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून तक सीसी रोड सीमेंट्रीकरण बंद रहेगा



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर निगम भिलाई के सभागार में आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, चीफ इंजीनियर भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डीके वर्मा सभी जोन आयुक्त एवं अधिकारीगणों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया है कि नगर निगम भिलाई में 15 जून तक सीसी रोड सीमेंटीकरण का कार्य बंद रहेगा। अभी भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण पानी की समस्या हो रही है। सीसी रोड बनाते समय पानी से तराई अति आवश्यक है पानी से तराई नहीं होने के कारण रोड में मजबूती नहीं रहती है। कितना भी अच्छा सीमेंट, रेती, गिट्टी मिलाई जाए उसके लिए तराई आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणकर्ता एजेंसियों द्वारा ठीक से पानी नहीं डाला जा रहा है जिसके कारण रोड में दरारें पड़ रही है और खराब हो जा रहा है। इसलिए आगामी आदेश 15 जून तक निर्माण बंद रहेगा। आयुक्त पाण्डेय निरीक्षण के दौरान देखे की बहुत सारे सीसी रोड मजबूत नहीं बन रहे हैं उसकी धार कोर टूट जा रहा है। रोड यदि किसी क्षेत्र में बहुत आवश्यक है और निर्माणकर्ता एजेंसी यह अस्वस्थ करती है कि पानी की तराई बराबर किया जाएगा। उसके ऊपर गीले बोरे या टाट पट्टी डाला जाएगा तभी विशेष परिस्थिति में निर्माण का आदेश दिया जाएगा अभी सीसी रोड का निर्माण बंद रहेगा।

## पृथ्वी दिवस पर प्रकाश विद्यालय किरंदुल में हुआ भव्य चित्रकला प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम



**किरंदुल (विश्व परिवार)।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में हरियाली का संदेश देने के उद्देश्य से, AM/NS इंडिया द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन प्रकाश विद्यालय किरंदुल में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

इस रंगारंग और प्रेरणादायक आयोजन में कुल तीन स्कूलों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे कलाकारों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों में पिरोते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी भावनाओं को अपनी कला के माध्यम से प्रस्तुत किया। इन चित्रों में जहां एक ओर धरती माता की करुण पुकार थी, वहीं दूसरी ओर बच्चों की उम्मीद और हरियाली से सजी एक सुंदर दुनिया की कल्पना भी थी। प्रतियोगिता के विजेताओं को AM/NS किरंदुल के वरिष्ठ प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक देखने लायक थी, जिसने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि पुरस्कार वितरण के पश्चात विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूल स्टाफ, शिक्षकगण और AM/NS किरंदुल के वरिष्ठ प्रबंधन ने मिलकर भाग लिया। इस दौरान दर्जनों पौधे लगाए गए, जिनके माध्यम से भविष्य की हरियाली की नींव रखी गई।AM/NS इंडिया ने इस अवसर पर यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रयास है, जिसे समाज के हर वर्ग को अपनाना होगा। बच्चों के माध्यम से यह संदेश समाज तक पहुंचाने की इस कोशिश को अभूतपूर्व सफलता मिली। इस कार्यक्रम ने न सिर्फ विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न की, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी यह सोचने पर मजबूर किया कि अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर प्रकृति की रक्षा करें।

## वार्ड 54 स्थित प्रधानमंत्री आवास रहवासियों की मांग हुई पूरी



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास के रहवासियों ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार से जलापूर्ति योजना से वाटर कनेक्शन पाइप लाइन हेतु मांग किया गया।उन्होंने बातों को ध्यान से सुना और गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने जलगृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन के साथ स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने इस कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए मॉनिटरिंग कर जल गृह के कर्मचारियों के माध्यम मात्र दो दिन के भीतर अमृत मिशन के तहत नया लाइन बिछवाकर प्रधानमंत्री आवास में कनेक्शन चालू किया गया और अब आवास के लोगो को भरपूर पानी मिलने लगा है जिससे खुश होकर आज वहा के रहवासीयो ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर ममता साहू,एकता पॉल,नीलू पांडेय,संदीप गुप्ता, शिखा नायडू,विनोद सहित बड़ी संख्या में आभार व्यक्त किया।

## आतंकी हमले में घायल पूजा अग्रवाल की स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर अम्बेडकर अस्पताल में जांच, उपचार और काउंसलिंग की गई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मनेंद्रगढ़ जिले के चिरमिरी शहर निवासी अरविंद अग्रवाल की धर्मपत्नी पूजा अग्रवाल घायल हो गई थीं। जान बचाने के प्रयास में उन्हें कंधे पर चोट लगी थी। आज जब उनका परिवार रायपुर पहुँचा, तो स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उनका कुशलक्षेम पूछा और परिवार के सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के निर्देश पर पूजा अग्रवाल का तत्काल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग में परीक्षण कराया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रणय श्रीवास्तव ने उनकी विस्तृत जांच की। डॉ. प्रणय ने बताया कि पूजा अग्रवाल के दाहिने कंधे में हल्का फ्रैक्चर पाया गया है। अम्बेडकर अस्पताल पहुँचते ही उनके दाहिने कंधे और रीढ़ का एक्स-रे किया गया। डॉक्टरों के अनुसार गोलीबारी के दौरान जान बचाने के लिए जमीन पर लेटने के कारण उन्हें चोट लगी होगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने जानकारी दी कि मरीज को सभी आवश्यक दवाइयाँ दी गई हैं और उन्हें फॉलोअप हेतु परामर्श दिया गया है। आतंकी हमले के भयावह अनुभव के चलते पूरा परिवार मानसिक रूप से भी व्यथित था, इसलिए चिकित्सकों द्वारा उनकी काउंसलिंग भी की गई और उन्हें ढाढ़स बंधाया गया।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने पूजा अग्रवाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से खड़ी है। उन्होंने अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टरों को पूजा अग्रवाल के उपचार में पूरी सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की चौकी मोहारा पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 13.04.2025 को पीड़िता द्वारा थाना खैरागढ़ जिला केसीजी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि आरोपी गजेंद्र वर्मा पिता रेवा राम वर्मा उम्र 26 साल निवासी पुरैना पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ने शादी का झांसा देकर अपने घर पुरैना ले जाकर दिनांक 01.03 .2022 से 17.12 .2024 के मध्य अलग-अलग जगह पर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर यौन शोषण किया। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ जिला केसीजी में देहाती नालसी पर अपराध पंजीकृत कर घटना क्षेत्र पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव का होना से अग्रिम विवेचना हेतु पुलिस चौकी मोहारा को प्राप्त होने पर दिनांक 22.04.2025 असल अपराध क्रमांक 167/2025 धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया मामला गंभीर एवं अति संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान राहुलदेव शर्मा के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी मोहारा निरीक्षक ढाल सिंह साहू मामले में अग्रिम विवेचना करते हुए आरोपी का पता तलाश कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये जाने एवं पीड़िता, परिजन के कथन व घटना स्थल निरीक्षण पर अभियुक्त द्वारा धारा 69 बीएनएस का अपराध घटना घटित होना पाए जाने से, आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर अभियुक्त गजेंद्र वर्मा पिता रेवा राम वर्मा उम्र 26 साल निवासी पुरैना पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने बाद न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया ।

### मुठभेड़ में तीन महिला वर्दीधारी नक्सली ढेर

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** माओवादिओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत जवानों को बीजापुर के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत अंतरराज्यीय सीमा जंगल में हुई मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली है। जवानों ने मुठभेड़ स्थल से तीन महिला नक्सलियों के शव तथा भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद किया है। जानकारी के अनुसार जिला बीजापुर के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्रान्तर्गत अंतरराज्यीय सीमा जंगल में माओवादियों के उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी,एसटीएफ,कोबरा,बस्तर फाईटर तथा सीआरपीएफ की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली है। इसी दौरान जवानों की माओवादियों के साथ हुए मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में अनेक माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना है। मौके से जवानों ने तीन वर्दीधारी महिला माओवादियों के शव तथा भारी मात्रा में हथियार,विस्फोटक समेत माओवादी सामग्री बरामद किया है। प्रारंभिक पहचान इंगित करता है कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सली पीएजी बटालियन नंबर 01 की है। मुठभेड़ स्थल से मिले निशान से और भी माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना है। फिलहाल मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। वहीं मुठभेड़ तथा सर्च अभियान लगातार जारी है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इंद्रावती नदी को लेकर आगामी पदयात्रा के विषय पर ली महत्वपूर्ण बैठक ....

### कांग्रेस करेगी बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती मुद्दे को लेकर विशाल पदयात्रा ...




**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी के मुद्दों को लेकर आगामी पदयात्रा के विषय पर समस्त कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक ली....

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा आज प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी व बस्तर दोनों ही बड़े खतरे में है,प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सिर्फ अपनी उद्योगिग् नीति की बैठक कर बस्तर के खनिज सम्पदा को अपने पूंजीपति मित्रो सौंपने का कार्य कर रही है,बस्तर के आदिवासियों की जल,जंगल,जमीन को यह सरकार उजाड़ रही है.... श्री बैज ने कहा बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है, पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं,परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर रही है,विगत 14 महीना से राज्य में भाजपा की सरकार है, जल संसाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं बावजूद इसके केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 9 बड़े प्रोजेक्ट आज तक इंद्रावती नदी में इस सरकार ने आरंभ नहीं करा पाया है वही उड़ीसा में भी भाजपा की सरकार है उड़ीसा सीमा से चित्रकूट जलप्रपात के बीच 10 छोटे एनीकेट बने हैं जिनमें से वर्तमान स्थिति में चार एनीकेट पूरी तरह से सूख चुके हैं, मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है कुल मिलाकर भाजपा सरकार सुनने को तैयार नहीं है..आगामी दिनों में सूखने के कगार पर बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी को लेकर कांग्रेस पार्टी चित्रकोट से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक का विशाल पदयात्रा कर इस निरंकुश, जनविरोधी, पर्यावरण विरोधी और सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेगी...इस दौरान प्रदेश के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु,जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य,ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा,प्रदेश सचिव शंकर राव,निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना,महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन,सुषमा सूता,राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग,राम शंकर राव,अवधेश झा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई,एन एस यू आई अध्यक्ष विशाल खंबारी,पार्षद विक्रम डांगी,सूर्या पानी,शुभम यदु,लोकेश चौधरी,राजेश राय,बी ललिता,अपर्णा बाजपेई,बलराम यादव,प्रकाश अग्रवाल, अतिरिक्त शुक्ला,विक्रांत सिंह,रवि शंकर तिवारी, अनुराग महतो,एम ज्योति राव, एस नीला,माही श्रीवास्तव,खीरेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आज किया गया पंचायतीराज दिवस का आयोजन

### जिले के 50 ग्राम पंचायतों में किया गया अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

**बालोद(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आज बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायतीराज दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार राज्य के मधुबनी में आयोजित समारोह से वर्चुअली रूप से जुड़ कर आम जनता को संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के 10-10 ग्राम पंचायत सहित कुल 50 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा ग्रामीणों को नगद आहरण की सुविधा मिलने लगेगी। ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के प्रारंभ हो जाने से ग्रामीणों को नगद लेन-देन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी। पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कार्यालय पड़कीभाट में आयोजित समारोह में जिला जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष श्री तोमन साहू, कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष श्री दिनेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा वैभव साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती निर्मला बंजारे, भगवती उइके, ममता गंगबेर के अलावा ग्राम पंचायत पड़कीभाट के सरपंच श्री नुपेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा पंचायत विभाग के उप संचालक श्री आकाश सोनी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के वर्चुअली संबोधन को भी सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को 'मोर गांव, मोर पानी अभियान' के तहत जल संरक्षण के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर ग्राम पंचायत परिसर पड़कीभाट में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष ।

## अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के जेरे निगरानी में जगदलपुर मुस्लिम समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला

### इस्लाम में आतंकवाद की कोई जगह नहीं मानवता को शर्मशार करने वाले आतंकी कतई मुसलमान नहीं हो सकते- डॉ जहिरुद्दीन शेख

### पूरी मुस्लिम कौम इस आतंकी हमले के खिलाफदेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है हम जान दे देंगे पर मुल्के हिन्दुस्तान पर आंच नहीं आने देंगे- जावेद खान




**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी वारदात के खिलाफ जगदलपुर मुस्लिम समाज ने आज बाद नमाजे जुमा मिताली चौक में बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर आतंकवाद का पुतला दहन किया और पहलगाम में जिन भारतीय सैलानियों की जान गई उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की,इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों में आतंकवाद और आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ खासा रोष देखने को मिला,मुस्लिम समाज के लोग काफी देर तक मिताली चौक में आतंकवाद मुर्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किए।

इस दौरान अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ जहिरुद्दीन शेख ने कहा जो आतंकी घटना पहलगाम में घटी है वो पूरी इंसानियत को चोट पहुंचाने वाली घटना है,ये भारत की एकता और अखंडता पर प्रहार करने के उद्देश्य से की गई वारदात है,मुस्लिम समाज आतंकवाद का पुरजोर विरोध करता है और इसे संरक्षण देने वाले देश के खिलाफ भारत सरकार से मांग करता है कि देश को खंडित करने और देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से की गई इस कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ कठोर कदम उठाए,जहिरुद्दीन ने कहा इस्लाम में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है मानवता को शर्मशार करने वाले आतंकी कतई मुसलमान नहीं हो सकते।

जगदलपुर मुस्लिम समाज के युवा जावेद खान ने पुतला दहन के दौरान कहा देश की पूरी मुस्लिम कौम आज इस आतंकी हमले के खिलाफ देश और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है,हम जान दे देंगे पर हमारे मुल्क हिन्दुस्तान पर आंच नहीं आने देंगे, जावेद ने कहा अब वक्त आ गया है कि आतंकवाद और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले देश पाकिस्तान का जड़ से खात्मा किया जाए जिसके लिए भारत सरकार के हर फैसले का समर्थन देश का प्रत्येक मुसलमान करेगा, आतंकवाद के खात्मे के लिए हर मुसलमान अंतिम लड़ाई लड़ने कमर कस लिया है और हम हर परिस्थिति में हमारे मुल्क हिन्दुस्तान के साथ खड़े थे हैं और रहेंगे। पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ जहिरुद्दीन शेख,इसराइल भारती,जावेद खान,मेहताब भाई,तौफीक पाशा,समीर खान,इसराइल हक,गुड्डा खान,शेख आदिल,जाहिद हुसैन,सादाब खान, मंसूर रजा,आशिफ खान,बादशाह खान और सभी मेंबरों संहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया।

## गरियाबंद में मुस्लिम समाज की आतंकवाद के खिलाफएकजुटता-जुमे की नमाज़ के बाद निकाली गई विशाल रैली

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़: जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में गरियाबंद जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज़ के बाद मुस्लिम समाज द्वारा एक विशाल और शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। इस रैली में समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में काली पट्टी बांधकर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की। मस्जिद से शुरू होकर तिरंगा चौक तक पहुंची इस रैली का उद्देश्य देश के प्रति अपनी निष्ठा और आतंकवाद के खिलाफ एकता को प्रदर्शित करना था।






रैली के दौरान 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'आतंकवाद मुर्दाबाद', 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' जैसे गगनभेदी नारे गूंजते रहे। समापन के अवसर पर तिरंगा चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

**रैली का उद्देश्य और संदेश-** यह रैली पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में 28 मासूम नागरिकों की मौत के विरोध में आयोजित की गई थी। मुस्लिम समाज के लोगों ने इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा की और देश की एकता तथा शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रदर्शन में शामिल लोग तिरंगा झंडे और आतंकवाद विरोधी बैनरों के साथ नज़र आए, जो देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे। रैली पूर्णतः शांतिपूर्ण रही और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे।

**गफ्फूमेमन और अन्य नेताओं के सशक्त वक्तव्य-** रैली में शामिल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा, हम भारत के नागरिक हैं और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। पहलगाम का हमला बेहद दर्दनाक है। हम सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद इंसानियत का दुश्मन है।

उन्होंने यह भी जोड़ा, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। निर्दोषों की हत्या करने वाले न इस्लाम को मानते हैं, न इंसानियत को। हम सभी धर्मों के लोगों के साथ मिलकर देश की एकता को और मजबूत करेंगे।

**सदर क़यूम ख़ान और समाजसेवी इमरान के विचार-** सदर क़यूम ख़ान ने कहा, पहलगाम की वादियों में मासूमों का खून बहाने वाले आतंकी इंसान नहीं, हैवान हैं। हमारा मज़हब ज़िंदगी देना सिखाता है, छीनना नहीं। आतंक की इस आग को हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई सब मिलकर बुझाएँगे।

वहीं समाजसेवी इमरान ने कहा, ॐयह हमला सिर्फ इंसानियत पर नहीं, कश्मीर की खूबसूरती और शांति पर भी धब्बा है। इस्लाम अमन और भाईचारे का पैग़ाम देता है, नफ़रत और खून-खराबे का नहीं। हम देश की एकता के साथ खड़े हैं।

**प्रशासन की भूमिका और सुरक्षा-** गरियाबंद पुलिस और जिला प्रशासन ने रैली के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की थी। स्थानीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क था और रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। आयोजकों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

**भविष्य के लिए अपील-** रैली के आयोजकों ने देशवासियों से अपील की कि वे आतंकवाद के खिलाफएकजुट रहें और सोशल मीडिया पर नफ्रत फैलाने वाले कंटेंट से दूर रहें। उन्होंने युवाओं को देश की अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

गरियाबंद की यह रैली न केवल एक विरोध प्रदर्शन थी, बल्कि यह भारत के धर्मनिरपेक्ष और एकजुट समाज की तस्वीर भी थी। मुस्लिम समाज की यह पहल साबित करती है कि देश की सुरक्षा, शांति और अखंडता के लिए हर धर्म, हर वर्ग एक साथ खड़ा है। यह रैली छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है।

## व्यापार समाचार

## एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए किए नए प्लान्स लॉन्च

**रायपुर:** भारती एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पोर्टफोलियो में नए प्लान्स की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए सरल, किफायती और पूरी तरह से सुविधाजनक अनुभव प्रदान करेंगे। कंपनी ने भारत की पहली अनलिमिटेड* इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स लॉन्च किए हैं, जो 189 देशों में अनलिमिटेड डेटा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, एयरटेल ने लंबे समय तक विदेश में रहने वाले एनआरआई समुदाय के लिए रु 4000 का एक अनूठा रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है, जिसकी वैधता एक साल की है। इस प्लान में 5 जीबी डेटा और 100 वॉयस मिनट दिए जाते हैं, जो विदेश में उपयोग के लिए उपलब्ध है, जबकि भारत में ग्राहक इसी प्लान का उपयोग करते हुए 1.5जीबी डेली डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह प्लान ग्राहकों को 189 देशों में कहीं भी सुविधाजनक कनेक्टिविटी अनुभव प्रदान करता है और भारत में उसी नंबर का उपयोग करते हुए बिना अलग से रिचार्ज किए हुए सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा देता है। सिद्धार्थ शर्मा, डायरेक्टर (मार्केटिंग) और सीईओ – कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, एयरटेल में, हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य एवं सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने अपने इंटरनेशनल रोमिंग प्लान्स को बहुत ही सरल बना दिया है, जो वास्तव में हमारे ग्राहकों के अनुभव को पूरी तरह से बदल देंगे और उन्हें दुनिया भर में घूमते हुए बिना किसी परेशानी के डेटा और वॉयस का स्वतंत्रता से उपयोग करने की आज़ादी देंगे। हम अपने ग्राहकों को लगातार ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ओरा की भव्य ज्वेलरी के साथ मनाईये अक्षय तृतीया और एनिवर्सरी सेल की खुशी

**बिलासपुर।** भारतीय संस्कृति में अक्षय तृतीया का बहुत महत्व है। कोई भी नया कार्य या उद्यम शुरू करने के लिए इस दिन को शुभ माना जाता है। इस दिन विशेषकर सोने और ज्वेलरी में निवेश किया जाता है। समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक यह उत्सव गहरा सांस्कृतिक महत्व रखता है। वहीं ओरा की एनिवर्सरी सेल ने इस त्योहार की खुशी को और ज्यादा बढ़ा दिया है क्योंकि इस सेल में ओरा द्वारा ग्राहकों को अक्षय तृतीय कलेक्शन पेश करके यह पारंपरिक उत्सव आधुनिक वैभव के साथ मनाने का मौका दिया जा रहा है। इन दोनों खुशियों ने पूरे देश में ज्वेलरी प्रेमियों को परंपरा और वैभव का जश्न मनाने का अवसर एक साथ दिया है। अक्षय तृतीया के लिए ज्वेलरी खरीदनी हो या फिर अपने प्रियजन को उपहार में देने के लिए, ओरा की एनिवर्सरी सेल में हर किसी के लिए विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। दैनिक उपयोग की डायमंड ज्वेलरी से लेकर सांस्कृति महत्व की ज्वेलरी तक, यह कलेक्शन कालातीत मूल्यों, समृद्धि और इस त्योहार के साथ एक नई शुरुआत के वादे का प्रतीक है। ओरा फाईन ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपू मेहता ने कहा, ''ओरा ज्वेलरी केवल एक एक्सेसरी नहीं है। यह एक भावना, एक विरासत और एक जश्न का प्रतीक है। अक्षय तृतीय एक पवित्र उत्सव है। इस अवसर पर हम अपनी एनिवर्सरी सेल में अपने ग्राहकों को कुछ खास अनुभव पेश करना चाहते हैं। इस सीज़न हमारे कलेक्शन में युगों पुराने प्रतीकों को आधुनिक डायमंड ज्वेलरी में उतारा गया है, ताकि हर कोई अपने तरीके से इस खुशी को मना सके।'' इस नए कलेक्शन में नेकलेस सेट, ईयरिंग्स, पेंडंट्स, रिंग्स, चेन आदि हैं, जो प्रकृति और भारतीय रूपांकनों से प्रेरित हैं और आज की महिलाओं के अनुरूप हैं। हर ज्वेलरी में पारंपरिक क्राफ्ट्समैनशिप के साथ आधुनिक डिज़ाईन का समावेश है, जो नई शुरुआत के सार को समाहित करता है। अतिरिक्त एक्सक्लुसिव डिस्काउंट्स का लाभ लेने के लिए ओरा फाईन ज्वेलरी स्टोर पर आपका स्वागत है।

## प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दायर किया डीआरएचपी

प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड, एक आतिथ्य परिसंपत्ति स्वामी और डेवलपर, जो भारत में व्यवसाय और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए लक्जरी, अपर अपस्केल और अपर मिडस्केल आतिथ्य परिसंपत्तियों पर केंद्रित है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ में 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 1700 करोड़ रुपये तक है और 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है, जो कुल मिलाकर 1000 करोड़ रुपये तक है। बिक्री के प्रस्ताव में प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक) द्वारा 5 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं। प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड ने शुद्ध आय से 1121.276 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव किया है, जो कंपनी और महत्वपूर्ण सहायक कंपनियों, अर्थात् साई चक्र होटल्स प्राइवेट लिमिटेड और नॉर्थलैंड होल्डिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए 397.248 करोड़ रुपये के उधार की पूर्ण या आंशिक चुकौती या पूर्व-भुगतान के लिए है, ऐसी सहायक कंपनियों में 724.028 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने अज्ञात अधिग्रहणों और अन्य रणनीतिक पहलों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से अकार्बनिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए शुद्ध आय से धन का उपयोग करने का भी प्रस्ताव किया है। प्रेस्टीज होटल वेंचर्स लिमिटेड एक आतिथ्य संपत्ति मालिक और डेवलपर है जो भारत में व्यवसाय और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए लक्जरी, उच्च स्तरीय और उच्च मध्यम स्तरीय आतिथ्य संपत्तियों पर केंद्रित है। कंपनी प्रेस्टीज ग्रुप का एक हिस्सा है और प्रमोटर, प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को रियल एस्टेट विकास में 38 वर्षों का अनुभव है और 31 दिसंबर, 2024 तक इसका बाजार पूंजीकरण 729.66 अरब रुपये है।

डायमंड वैल्यू पर 25 प्रतिशत की छूट। 0 प्रतिशत ब्याज ईएमआई सुविधा। पुरानी गोल्ड ज्वेलरी एक्सचेंज करने पर 0 प्रतिशत डिडक्शन। नियम व शर्तें लागू। शादी की तैयारी हो, त्योहारों के लिए उपहार खरीदना हो या फिर अपने लिए कालातीत ज्वेलरी ओरा हर स्टाईल और अवसर के लिए ज्वेलरी पेश करता है। अक्षय तृतीया और एनिवर्सरी सेल के अलावा ओरा के कलेक्शन में पेटेंटेड 73-फैसेट डायमंड, प्रतिष्ठित क्राउन स्टार भी शामिल है।




## आईपीएल 2025 : बुमराह ने की मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी

**हैदराबाद( एजेंसी )।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल 2025 के 41वें मैच में बुमराह ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के लसिथ मलिंगा के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की। लगभग एक दशक से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ रहे बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने स्पेल की अंतिम गेंद पर यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया। मैच में बुमराह का यह एकमात्र विकेट था। लेकिन यह विकेट ऐतिहासिक साबित हुआ। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए 170 विकेट लिए और दिग्गज मलिंगा की बराबरी की। यह मैच बुमराह का मुंबई के लिए 138वां आईपीएल मैच था। इस सीजन में मुंबई ने अपने गेंदबाजों के साथ रोटेशन नीति अपनाई। बुमराह की गेंदबाजी कौशल का टीम ने नियमित रूप से लाभ लिया। बुमराह और मलिंगा के बाद, हरभजन सिंह 127 विकेट के साथ मुंबई के सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि मिशेल मैक्लेनाघन (71) और कीरोन पोलार्ड (69) शीर्ष पांच में शामिल हैं। बुमराह के इस रिकॉर्ड की बदौलत वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल सबसे आगे हैं, जिनके नाम 214 विकेट हैं। पीयूष चावला (192) और भुवनेश्वर कुमार (189) तीसरे स्थान पर हैं। बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 ओवर का स्पेल किया। इस स्पेल में बुमराह थोड़े महंगे साबित हुए। उन्होंने 39 रन लुटाए। लेकिन, एक विकेट लेने में सफल रहे। इस विकेट के साथ ही उनका नाम इतिहास में दर्ज हो गया। बुमराह मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी यूनिट के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। मुंबई को जब-जब विकेट की जरूरत होती है।

## सुरक्षा डायग्नोस्टिक का शेयर बीते छह महीने में 25 प्रतिशत फिसला

**मुंबई( एजेंसी )।** सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में बीते छह महीने में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर की कीमत 103 रुपये या 24.69 प्रतिशत कम हो गई है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में 65.85 रुपये या 17.32 प्रतिशत की गिरावट हो चुकी है। सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर बुधवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में शेयर 1.85 रुपये या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 314.25 रुपये पर था। कई रिपोर्टों में शेयर मूल्य में गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें कमजोर वित्तीय प्रदर्शन, नकारात्मक इंडस्ट्री सेंटीमेंट और प्रबंधन में बदलाव शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण भी सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर का उच्चतम स्तर 449 रुपये है, जो कि 6 दिसंबर, 2024 को दर्ज किया गया था। वहीं, न्यूनतम स्तर 231 रुपये है जो 4 मार्च को दर्ज किया गया था। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मौजूदा बाजार पूंजीकरण 1,636.64 करोड़ रुपये है। सुरक्षा डायग्नोस्टिक की लिस्टिंग 6 दिसंबर, 2024 को हुई थी। शेयर में शुरुआत से ही कमजोरी देखी गई। शेयर अपने इश्यू प्राइस 441 के मुकाबले 438 रुपये पर खुला। हालांकि, शुरुआती कारोबार में इसने कुछ समय के लिए 449 रुपये का इंट्रा-डे हाई छुआ, लेकिन जल्दी ही इसने अपनी गति खो दी और पूरे सत्र में शेयर लाल निशान में रहा।

## मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ने रोहित शर्मा को लेकर कह डाली ये बड़ी बात, फैंस ने जताई खुशी

**हैदराबाद( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा, मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन



रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है। रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा, राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था।

## हुंडई मोटर ने मोबिलिटी रिसर्च सेंटर खोलने के लिए आईआईटी दिल्ली से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** हुंडई मोटर ग्रुप ने गुरुवार को बताया कि कंपनी ने भविष्य की मोबिलिटी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में एक नया रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के साथ साझेदारी की है। नए रिसर्च सेंटर के लिए इस साझेदारी में इलेक्ट्रिफिकेशन और बैटरी सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस साझेदारी समझौते के तहत दोनों पक्ष हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करेंगे। हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक लॉन्ग-टर्म एकेडमिक-इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन फ्रेमवर्क के तहत जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए केंद्र के रूप में काम करेगा। हुंडई मोटर और किआ ने भविष्य की मोबिलिटी टेक्नोलॉजी में रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए दो वर्षों में लगभग 5 बिलियन वॉन (3.5 मिलियन डॉलर) का निवेश करने




की योजना बनाई है। समूह ने आईआईटी दिल्ली के साथ नौ सहयोगी परियोजनाओं की पहचान की है, जो बैटरी सेल और सिस्टम, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम, सेफ्टी, ड्यूरेबिलिटी और डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। केंद्र बैटरी डिजाइन और परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाने के लिए नई मटेरियल और कंपोनेंट्स की भी खोज करेगा। नई दिल्ली में एक आधिकारिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हुंडई के अनुसंधान और विकास प्रभाग के अध्यक्ष और प्रमुख यांग हेई-वोन और आईआईटी दिल्ली के निदेशक रंगन बनर्जी सहित अन्य लोग शामिल हुए। यांग ने कहा, हम बैटरी इनोवेशन में भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। यह साझेदारी भारत की अनूठी बाजार जरूरतों को पूरा करते हुए फ्यूचर मोबिलिटी सॉल्यूशन विकसित करने में अहम होगी। साथ ही यह साझेदारी से भारत की अर्थव्यवस्था और समाज में योगदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हुंडई मोटर इंडिया ने हाल ही में भारत से निर्यात के 25 साल पूरे किए हैं, जिससे इस क्षेत्र में सबसे बड़े निर्यातक के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। 1999 में निर्यात शुरू करने के बाद से, कंपनी ने दुनिया भर में 3.7 मिलियन से अधिक वाहन भेजे हैं। कंपनी के निर्यात डेटा ने भारत के आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी ऑटोमोबाइल उत्पादन के लिए प्रयास की सफलता को दर्शाया। पिछले कुछ वर्षों में, हुंडई ने 150 से अधिक देशों को कारों का निर्यात करते हुए अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार किया है।

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किया 'प्रोटेक्ट 8/80' प्लान, भारत का सबसे बढ़िया और सस्ता बैटरी प्रोटेक्शन प्लान, जिससे बदलेगी इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर इंडस्ट्री की दिशा

**बिलासपुर:** भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिकमोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक (Oben Electric) ने कस्टमर्स केविश्वास और प्रोडक्ट की गारंटी का नया मानदंड स्थापित किया है।कंपनी का 1 मई से शुरू होने वाला नया 'प्रोटेक्ट 8/80 प्लान' सिर्फ 9999 में 8 साल या 80,000 किलोमीटर तक की बैटरी वारंटी देता है।यात्री इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल सेगमेंट में यह अपनी तरह की पहलीपेशकश है, जो ओबेन की परफॉरमेंस, रिलायबिलिटी और कस्टमर्स फर्स्टइनोवेशन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ब्रांड के 'ओबेन प्रोटेक्ट' प्लेटफॉर्म के तहत दी जा रही इस वारंटी में बैटरीकी पूरी गारंटी मिलती है जिसमें बैटरी की रिपेयरिंग, बैटरी चेंज करनाऔर बैटरी से जुड़ी हर तरह की खराबी शामिल है ताकि कस्टमर्स सालोंतक बेफिक्र होकर राइड कर सकें। कस्टमर्स को यह भी गारंटी दी जाती हैकि वारंटी पीरियड के दौरान Rorr EZ की टॉप स्पीड और एक्सीलेरेशनएक जैसी बनी रहेगी, जो असली रास्तों पर ईवी मालिकों की सबसे बड़ीचिंता को दूर करता है। करंट और फ्यूचर ओनर्स के लिए एक बड़ाफायदा यह है कि यह वारंटी पूरी तरह ट्रांसफरेबल है, जिससे Rorr EZ की रीसेल वैल्यू बढ़ती है और यह एक भरोसेमंद और फ्यूचर-रेडी कम्प्यूटरमोटरसाइकिल बन जाती है। ओबेन की खुद की बनाई हाई-परफॉर्मेंस लिथियम आयरन फॉस्फेट(LFP) बैटरी तकनीक है, जिसे विशेष रूप से भारत की मुश्किल भरीभौगोलिक परिस्थितियों और मौसम के हिसाब से इन-हाउस डिज़ाइन, विकसित और निर्मित किया गया है। Li-NMC बैटरियों की तुलना में, ओबेन की LFP बैटरी 50% अधिक टेम्प्रेचर सहन कर सकती है, जिससेखराब कंडीशन में भी यह बहुद बढ़िया और दमदार परफॉरमेंस देती है।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, इन्द्रावती परियोजना मंडल जगदलपुर (छ0ग0)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
शुद्धि पत्र क्रमांक 1

निविदा सूचना क्रमांक 10/व.ले.लि. दिनांक 28.03.2025 सिस्टम निविदा क्रमांक 168172 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी क्रमांक 242506219 में छ.ग. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 1664/एफ-7-7/एस-2/31/2001 दिनांक 09.04.2025 एवं पत्र क्रमांक 1751/एफ-7-7 एस-2/31/2001 दिनांक 21.04.2025 के द्वारा किये गये संशोधन के परिपालन में निम्नानुसार शुद्धि पत्रक जारी किया जाता है।

| स.क्र. | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा भरने की अंतिम तिथि | दिनांक 21.04.2025 (समय 17:30) | दिनांक 01.05.2025 (समय 17:30) |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22.04.2025 (समय 11:30) | दिनांक 02.05.2025 (समय 11:30) |

अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी संशोधन के विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग नारायणपुर
कृते अधीक्षण अभियंता इन्द्रावती
परियोजना मंडल जगदलपुर (छ0ग0)

G-252600504/4

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया।



## संक्षिप्त समाचार

### रजिस्ट्री के साथ जमीन का ऑटोमेटिक नामांतरण किए जाने पर छत्तीसगढ़ चेंबर ने मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री का जताया आभार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी को, रजिस्ट्री के साथ जमीन का ऑटोमेटिक नामांतरण किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश की जनता व व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन की खरीद फरोख्त के बाद नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए गजट नोटिफिकेशन जारी कर तहसीलदारों से नामांतरण का अधिकार छीन कर यह अधिकार अब रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को सौंप दिया है। अब रजिस्ट्री के साथ ही जमीन का नाम संबंधित खरीददार के नाम स्वत: ऑटोमेटिक ही दर्ज हो जाएगा तथा इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी बल्कि भूमाफियाओं और फर्जीवाड़े पर लगाम लगेगी व आम जनता को होने वाली असुविधा से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री द्वारा जारी इस नए आदेश से जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 28 अप्रैल को कैम्प का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह अप्रैल 2025 में दिनांक 28.04.2025 को निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 25 जिलों में क्रमश: जनपद पंचायत बालोद, कलेक्टोरेट परिसर श्रम कार्यालय बलोदा बाज़ार, जिला पंचायत बलरामपुर, जनपद पंचायत बेमेतरा, ई.एस.आई.सी.ब्रांच ऑफिस बिलासपुर, जिला पंचायत धमतरी, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस राधिका नगर भिलाई भिलाई-दुर्ग, आर.टी.ओ. ऑफिस/श्रम कार्यालय टिकर कला गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टोरेट ऑफिस जांजगीर जांजगीर-चाम्पा, नगर पंचायत कुनकुरी जशपुर, जिला पंचायत कबीरधाम (कवर्धा), जनपद पंचायत खैरागढ़ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, श्रम कार्यालय कोरबा, जनपद पंचायत सोनहट कोरिया (बैकुंठपुर), जिला पंचायत महासमुंद, नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, जनपद पंचायत मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट कैंपस कमरा नंबर 252 मुंगेली, ई.एस.आई.सी. कार्यालय रायगढ़, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस चौबे कॉलोनी रायपुर, ई.एस.आई.सी. कार्यालय राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, श्रम कार्यलय अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद् गुरपत रोड सक्ती, जनपद पंचायत रामानुजनगर सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अत: समस्त नियोक्ताओं/अंशधारकों/पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/शिकायतों के निराकरण हेतु उक्त स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

# आज लॉन्च होने जा रहा है रहेजा ग्रुप का नया प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा'

### रहेजा ग्रुप का नया प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा' आज लॉन्च, बुकिंग पर एक्सक्लूसिव बेनिफिट्स

### 'रहेजा अम्बारा' लॉन्च: प्रीमियम लोकेशन, मॉडर्न सुविधाएं और निवेश का स्मार्ट मौका






**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर रहेजा ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर के पिरदा क्षेत्र में प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा' आज लॉन्च होने जा रहा है। इस दो दिवसीय लॉन्च इवेंट (26 और 27 अप्रैल) के दौरान बुकिंग करने वाले ग्राहकों को विशेष लॉन्च बेनिफिट्स का लाभ मिलेगा।

'लिव लाइफ लिमिटलेस' की सोच पर बना यह प्रोजेक्ट ऐसी जीवनशैली देता है जिसमें आराम, आधुनिक सुविधाएँ, अच्छी कनेक्टिविटी और हर उम्र के लोगों के लिए ज़रूरी चीज़ें एक ही जगह मिलती हैं।

लोकेशन की दृष्टि से यह प्रोजेक्ट बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ स्थित है। रायपुर एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे, नया रायपुर, विधानसभा रोड के अलावा, यह शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स और विभिन्न शॉपिंग डेस्टिनेशन्स से भी जुड़ा हुआ है। यह प्रोजेक्ट ऋश्वक्क रजिस्टर्ड है और सभी शासकीय अनुमतियों से अनुमोदित है।

इस प्रोजेक्ट की मुख्य विशेषता इसके चार बेहतरीन गार्डन्स हैं, जिन्हें प्रत्येक सेक्टर में इस प्रकार विकसित किया गया है कि निवासियों को प्रकृति के और निकट रहने का अनुभव मिले।

इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट में एक अत्याधुनिक क्लब हाउस की सुविधा होगी, जिसमें स्विमिंग पूल, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, टॉडलर्स प्ले एरिया, इंडोर गेम्स ज़ोन, बैंकेट हॉल, मिनी थिएटर, वेल इक्विप्ड जिम और गेस्ट रूम जैसी प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

खेल प्रेमियों के लिए प्रोजेक्ट में लॉन टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, पिकलबॉल कोर्ट और स्केटिंग रिंक जैसी आउटडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं भी शामिल की गई हैं। अन्य प्रमुख सुविधाओं में किड्स प्ले एरिया, ओपन जिम, मंदिर और सुंदर लैंडस्केप्ड गार्डन्स शामिल हैं, जो निवासियों को एक सम्पूर्ण और संतुलित जीवनशैली प्रदान करते हैं।

रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय रहेजा ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को बेस्ट लोकेशन और फ्यूचर-रेडी प्लॉटिंग सॉल्यूशंस देना है। रहेजा अम्बारा न केवल एक सुरक्षित व सुव्यवस्थित निवास विकल्प है, बल्कि एक स्मार्ट निवेश भी है।

पिछले दो दशकों से रायपुर में लगातार गुणवत्ता, समयबद्धता और ग्राहक संतुष्टि के मूल सिद्धांतों पर काम करते हुए रहेजा ग्रुप ने 12 से अधिक प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा किया है। रहेजा निर्वाणा के तीनों फेज़ को मिले जबरदस्त प्रतिसाद के बाद, अब 'रहेजा अम्बारा' के माध्यम से रहेजा ग्रुप एक बार फिर रियल एस्टेट में नए मानक स्थापित करने जा रहा है।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने शिक्षण उत्कृष्टता को बढ़ाने हेतु एक अंतर्दृष्टिपूर्ण संकाय विकास कार्यक्रम का किया आयोजन

### एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के प्रोफेसर दिनेश सेठ ने किया छात्र जुड़ाव और शैक्षणिक नवाचार पर विचारोत्तेजक सत्र का नेतृत्व



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शैक्षणिक उत्कृष्टता और संकाय सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी (एसआरयू) ने छात्र जुड़ाव बनाए रखने और शैक्षणिक प्रथाओं को निरंतर विकसित करने में निपुणता बढ़ाने शीर्षक से एक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र में प्रख्यात अतिथि वक्ता प्रोफेसर दिनेश सेठ, प्रोफेसर और डीन, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत एसआरयू के कुलपति (प्रभारी) प्रोफेसर आर.आर.एल. बिराली के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने जिम्मेदार, अच्छी तरह से सूचित नागरिकों को पोषित करने के यूनिवर्सिटी के मिशन का परिचय दिया और इस बात पर जोर दिया कि ज्ञान आवश्यक है, लेकिन इसका वास्तविक मूल्य इसके व्यावहारिक अनुप्रयोग में निहित है।

अपना व्याख्यान से पूर्व, प्रो. दिनेश सेठ ने शिक्षण पेशे में सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों को समझने के लिए संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की। अकादमिक जगत की पुनर्कल्पना- उद्देश्य, प्रगति, संभावनाएं और मार्ग पर केंद्रित उनके संबोधन ने शैक्षणिक संस्कृति को बदलने के बारे में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने संस्थागत प्रतिष्ठा बढ़ाने में संकाय अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया और सामाजिक पदानुक्रम, सामाजिक और सीखने के नेटवर्क और अनुकूली सीखने की संरचनाओं जैसी अवधारणाओं का पता लगाया।

कार्यक्रम की थीम को सुदृढ़ करने के लिए, एक इंटरैक्टिव गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें दिखाया गया कि कैसे सीमित संसाधनों के साथ भी नवीन सोच पनप सकती है ङ्क बाधाओं से पैदा हुई बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन।

कार्यक्रम में एसएस बजाज, प्रो-चांसलर और एसआरयू के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ शर्मा सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जो निरंतर संकाय विकास और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति एसआरयू की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अंकित थवानी ने यूपीएससी परीक्षा में राजिम क्षेत्र का नाम किया रोशन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** गरियाबंद जिले के राजिम निवासी पूर्व राजपात्रिक अधिकारी मुरली मनोहर थवानी, श्रीमती कमला थवानी के सुपुत्र अंकित थवानी ने UPSC परीक्षा में इंडिया लेवल में 273 रेंक एवं छत्तीसगढ़ लेवल में तीसरे स्थान पर सफलता प्राप्त कर नगर एवं सिंध समाज का नाम रोशन किया है। सामाजिक जनों सहित नवापारा राजिम के नागरिकों ने भी अंकित थवानी एवं समस्त परिवार जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अंकित थवानी नवापारा राजिम क्षेत्र का प्रथम छात्र है जिन्होने क्क्रस्ष्ट में सफल हो कर समाज एवं नगर का नाम रोशन किया है।

## छत्तीसगढ़ का पहला सीआरडी मशीन वृंदा चेस्ट एलर्जी सेंटर में

### मशीन से टेस्ट कराने पर एलर्जी का चलेगा पता, मिल सकेगी बीमारी से निजात

### नाक, फेफड़े और त्वचा की एलर्जी का त्वरित इलाज हुआ संभव







**रायपुर (विश्व परिवार)।** वृंदा चेस्ट एलर्जी सेंटर में छत्तीसगढ़ का पहला सीआरडी मशीन स्थापित किया गया है। इस मशीन के जरि एलर्जी का पता चल सकेगा और उन बीमारियों का jad Sr इलाज भी संभव होगा।

दरअसल, नाक, फेफड़े और त्वचा की एलर्जी का अक्सर पता लगाना संभव नहीं हो पाता हैं, लेकिन सीआरडी मशीन से इसका निदान भी संभव हो पाया है। साथ ही एलर्जी immunotherapy से 100 प्रतिशत इलाज संभव हैं कि नहीं, वह भी पता चल सकेगा। सामान्यत: कई बार बच्चों में विभिन्न प्रकार के चीजें जैसे अंडा, बादाम, चावल, दूध, गेहूं, सेव खाने से समस्या आ जाती है एलर्जी हो जाती है इस वजह से माता-पिता भी बच्चे को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन सीआरडी मशीन से पता चलेगा कि बच्चे इन चीजों को ग्रहण कर सकते हैं या नहीं। इस टेस्ट की जारी डॉक्टर आपको बता सकता है कि कौन सी चीज खानी है नहीं खानी है या कैसे खानी है उदाहरण के लिए यदि अगर अंडा नहीं खा पा रहा है तो इस टेस्ट के जरिए पता चल सकता है कि उसे प्रोटीन से एलर्जी है तो अंडा उबाल कर खाने से एलर्जी नहीं होगी या सेब के छिलके के प्रोटीन से एलर्जी है तो छिलका हटाकर खाया जा सकता है। इस पद्धति एलर्जी के इलाज में आधुनिक प्रोटीन टेस्ट की परिणाम के आधार पर उपचार की योजना बना सकते हैं। इस टेस्ट के बारे में अधिक जानकारी देते हुए डॉ केदारनाथ देवांगन ने सीआरडी एलर्जी परीक्षण के लाभ बताते हुए कहा कि यह परिणाम इलाज की सटीकता को बढ़ाता है।

यह सटीक एलर्जी और क्रॉस-रिएक्शन के बीच अंतर करने में मदद करता है व सटीकता को बढाता है ये उस कारण (प्रोटीन) का पता लगाता है जिससे शरीर में एलर्जी हो रही है और उसको दूर करने में मदद करती है।

गंभीर प्रतिक्रियाओं के लिए जोखिम स्तरीकरण- यह गंभीर/ रियेक्सन के खतरे को कम करने मे या स्थिर करने में मदद करता है। गंभीर एलर्जी के लिए बायोमार्कर हैं सीआरडी। इसका परिणाम एलर्जी के जोखिम के भविष्य में होने वाले प्रभाव को पहचानने में मदद करती है जिससे मरीज उचित परहेज करके दुष्परिणाम से बचा रह सकता है।

व्यक्तिगत एलर्जी प्रबंधन- इस परीक्षण से व्यक्तिगत एलर्जी प्रबंधन में मदद मिलती है उदाहरण के लिए यदि अंडे में ओवोम्यूकॉइड (गैल डी 1) से एलर्जी वाले बच्चे है तो जीवन भर परहेज की आवश्यकता हो सकती है, जबकि ओवलब्यूमिन (गैल डी 2) के प्रति संवेदनशील बच्चे को पके हुए अंडे को खा सकते हैं।

क्रॉस-रिएक्टिविटी का स्पष्टीकरण- सीआरडी प्राथमिक एलर्जी (जैसे, झींगा ट्रोपोमायोसिन) को पराग से संबंधित क्रॉस-रिएक्शन (जैसे, फलों के लिए ओरल एलर्जी सिंड्रोम) से अलग करता है, आहार संबंधी सलाह में सहायता करता है और अनुचित प्रतिबंधों को कम करता है।

बेहतर डायग्नोस्टिक सटीक- पारंपरिक परीक्षणों में आम तौर पर सटीकता कम होती है। इस परीक्षण से बेहतर डायग्नोस्टिक रिजल्ट आते है यह चिकित्सीय रूप से एलर्जी के मुख्य कारण को ढूँडता है।

एलर्जी विकास की निगरानी- समय के साथ संवेदनशीलता में परिवर्तन को ट्रैक करता है, विशेष रूप से बच्चों में उपयोगी है इससे यह पता चल जाता है की भविष्य में बच्चों को इस एलर्जी से परेशानी तो नहीं होगी।

इम्यूनोथेरेपी विकास- यह एलर्जी के कारण से संबंधित घटक को पहचान कर उसका टीका बनाने में मदद करती है, जिससे उपचार की प्रभावशीलता बढ़ती है। यह खाने की एलर्जी मे निर्णय लेने मे मदद करता है जैसे कोई खाद्य पदार्थ कच्चा खाना है या पका हुआ या किसी तरह का छोटा मोटा परिवर्तन करके।

## स्कूलों में पेयजल, शौचालय की समस्या के समाधान के निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले के जर्जर स्कूल भवनों की सूची बना कर मरम्मत कराई जाए।



जहां मरम्मत संभव नहीं है, वहां पुराने स्कूल भवनों को नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ध्वस्त कर नए भवनों का निर्माण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इस समय स्कूलों की छुट्टियां हैं। इस समय स्कूलों में जो समस्याएं हैं उसका समाधान करें। जिन स्कूलों में पेयजल-रनिंग वाटर, तो कहीं पर छात्र-छात्राओं के लिए पृथक शौचालय की समस्या हो तो इसके समाधान के लिए संबंधित स्कूल के प्राचार्य मांग पत्र भेंजे। साथ ही संबंधित एजेंसी या विभाग को निर्देश देकर इसका समाधान किया जाएगा। डॉ सिंह ने कहा कि कुछ स्कूलों में सुरक्षा संबंधित समस्याएं भी हो सकती हैं इसे चिन्हित कर समाधान करें। उन्होंने कहा कि नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, ऐसे में बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सरस्वती शिशु मंदिर लखनपुर को प्रदाय की नई स्कूल बस, शिक्षण सुधार कार्यों को बढ़ावा देने अदाणी फाउंडेशन की एक और पहल

### बस का हुआ लोकार्पण, 20 लाख रुपए की लागत से खरीदी गई

### आसपास के 11 गांवों के 80 से अधिक बच्चों को मिल सकेगा आवागमन की सुविधा




आरआरवीयूएनल के सामाजिक सहभागित से क्षेत्र में शिक्षण को बढ़ावा देने छात्रों की सुरक्षा और सुविधा के लिए दी गई बस

**लखनपुर (विश्व परिवार)।** सरगुजा जिले के लखनपुर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के द्वारा विद्यालय के लिए 20 सीटों वाली नई स्कूल बस प्रदान की गई। इसका उद्देश्य लखनपुर के आसपास के ग्राम भरतपुर, गणेशपुर, झँवरपारा, कोसांगा, इत्यादि सहित कुल 11 ग्रामों के 82 बच्चों को आवागमन के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित कराना है।

बस का लोकार्पण व हस्तांतरण मुख्य अतिथि आरआरवीयूएनएल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा ने फीता काटकर और बस के जरूरी कागजातों को विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मधू पांडे को सौंपकर किया। इस दौरान आरआरवीयूएनएल के उप मुख्य अभियंता लालचंद बरेसाह, अदाणी इंटरप्राइसेस, सरगुजा के क्लस्टर एचआर हेड राम द्विवेदी, भू विभाग प्रमुख राजेश साव, अदाणी फाउंडेशन सरगुजा के प्रमुख अशोक पांडा, और अमित राय मौजूद थे। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य एवं व्यवस्थापक विजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सन्नी बंसल, वार्ड पार्षद राकेश साहू, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष आशीष मंगल, सुनील अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, स्कूल के शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। स्थानीय विधायक राजेश अग्रवाल के परामर्श से आरआरवीयूएनएल के परसा ईस्ट केते बासेन खदान के सामाजिक सरोकार के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्कूल बस को करीब 20 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बाबूलाल वर्मा ने कहा कि आरआरवीयूएनएल क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मैं आशा करता हुँ कि इस बस के संचालन से आसपास के ग्रामीण इलाकों से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आवागमन का एक सुरक्षित सहायता उपलब्ध होगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा आरआरवीयूएनएल और अदाणी फाउंडेशन का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

आरआरवीयूएनएल द्वारा क्षेत्र में ढांचागत विकास की श्रंखला में खदान के पास के 14 गावों की बड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में मरम्मत तथा बाला पेंटिंग, अतिरिक्त कक्षाओं एवं पक्के शौचालयों का निर्माण, गांव में सड़क निर्माण एवं यात्री प्रतीक्षालयों के मरम्मत तथा सौंदरीकरण इत्यादि के कार्य शामिल है। साथ ही पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए 15 लाख से ज्यादा पेड़ 450 हेक्टेयर से ज्यादा खनन की हुई जमीन में रोपित किया है।

## रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर भाटापारा स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए रायपुर मंडल के कर्मचारियों के साथ भाटापारा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।




शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं जी. एंड एस. आर. नियम 6.07 पर चर्चा (सामान्य नियम 6.07.01 से 6.07.05), स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनलिंग के फेलुअर के दौरान दी जानेवाली प्राधिकार और चालक द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, रिले रूम में कार्य करते समय ली जानेवाली सावधानियां एवं डिसकनेक्शन रिकनेक्शन जे पी ओ के बारे में चर्चा, साइडिंग एवं स्टेशन से गाडी क्लियर करते समय चालक, परिचालक एवं स्टेशन कर्मचारी द्वारा की जानेवाली जांच, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का प्रदर्शन, अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन तथा संरक्षा के क्षेत्र में राजभाषा हिंदी की भूमिका।

इस संरक्षा सेमिनार में निकेश कुमार पांडेय/मंडल राजभाषा अधिकारी/ रायपुर,बी सिवारे/ सहायक मंडल यांत्रिक अभिय ?ता/रायपुर ने मुख्य रूप से भाग लिए तथा साथ ही साथ अजय कुमार/मुख्य स्टेशन प्रबंधक/भाटापारा एवं संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेमीनार में मंडल कार्यालय से उपस्थित राजभाषा अधिकारी निकेश कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में संरक्षा के क्षेत्र में राजभाषा हिंदी की भूमिका को स्पष्ट किया। पाण्डेय ने ट्रेन परिचालन में सरल हिंदी की आवश्यकता पर बल दिया। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 64 लोगों ने भाग लिया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354